रोहतक
शनिवार, 19 अप्रैल 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष,
षष्ठी वर्ष : 29, अंक : 78
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 43.7
न्यून. 18.1

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## प्रदेश में अचानक बदला मौसम, कई जिलों में आंधी-बारिश और बरवाला में पड़े ओले, मंडियों में गेहूं भीगा, खेतों में कटाई प्रभावित

**मौसम विभाग ने जारी किया रेड अलर्ट आज भी वर्षा की संभावना**

*शुक्रवार को प्रदेश में दिनभर भीषण गर्मी ने परेशान किया था। अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया था। हिसार 43.7 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म जिला रहा। शाम को बारिश आने से लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत तो मिली, लेकिन किसानों की चिंता बढ़ गई। अगर और बारिश होती है तो किसानों को भारी नुकसान हो सकता है।*

**हरियाणा (हरिभूमि टीम)।** प्रदेश में शुक्रवार शाम को मौसम में अचानक बदलाव देखने को मिला। इसके कारण कई जिलों में आधी के साथ बारिश हुई तो हिसार के बरवाला में ओले भी गिरे। बारिश के कारण मंडियों में पड़ी गेहूं भीग गई और खेतों में भी गेहूं की फसल की कटाई प्रभावित होगी। शुक्रवार शाम को हिसार, सिरसा, जींद, झज्जर, भिवानी, रोहतक, पानीपत, फतेहाबाद, सोनीपत, कुरुक्षेत्र और यमुनानगर में तेज आंधी के साथ बारिश हुई। हिसार के बरवाला में बारिश के साथ ओले भी गिरे। मौसम विभाग ने बारिश और आंधी का रेड अलर्ट जारी किया है। जिसमें कुछ शहरों में आंधी के साथ बारिश हो सकती है। इसके अलावा बिजली और ओलावृष्टि की भी संभावना बन रही है।

### तेज हवा चली

शाम को अचानक आसमान में बादल छा गए और देखते ही देखते बूंदाबांदी व हल्की बारिश शुरू हो गई। आकाश में धूल जम गई। मौसम में आद्रता 52 प्रतिशत तथा हवा की गति 21 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि मौसम पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक असर के चलते मौसम मे बदलाव आया है। हल्की बारिश हुई है।


जींद की मंडी में पड़ा किसानों का पीला सोना

### पिहोवा में लगी आग

■ कुरुक्षेत्र के पिहोवा में खेत में लगी आग तूफान की वजह से भड़क गई। तेज हवा चलने के कारण आग की लपटें घरों तक पहुंच गई हैं। लोग घरों से निकलकर सड़क की तरफ चले गए हैं।

### 24 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट

■ यूपी-बिहार समेत देश के 24 राज्यों में राज्यों में भारी बारिश और बिजली-आंधी देखने को मिली। यूपी में बीते 24 घंटे में 13 लोगों की मौत हो गई है। अयोध्या में 6, बाराबंकी में 5, अमेठी और बस्ती में 1-1 व्यक्ति की मौत हुई है। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश में 2 और पश्चिम बंगाल में बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हुई है।

**हाईकोर्ट का अहम निर्देश**

## बोनस अंक रद वाला फैसला आगे की भर्तियों में लागू होगा


2022 से पहले की भर्तियों पर असर नहीं

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि प्रदेश में सामाजिक-आर्थिक मापदंड के तहत दिए जाने वाले बोनस अंकों को रद करने वाला 2024 का फैसला भविष्य की भर्तियों में लागू होगा। वर्ष 2022 से पहले की भर्तियों पर इसका असर नहीं पड़ेगा। हाईकोर्ट के इस फैसले से ग्रुप-सी और ग्रुप डी में भर्ती सैकड़ों युवाओं को राहत मिलेगी। यह फैसला जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस मीनाक्षी आई मेहता की खंडपीठ ने सुनाया।

### यह कहा था याचिका में

कोर्ट दायर याचिका में वर्ष 2018 की भर्ती विज्ञप्ति के तहत तैयार की गई वरिष्ठता सूची में संशोधन की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता ने दलील दी थी कि सुकृति मलिक बनाम हरियाणा राज्य मामले में दिए गए फैसले को पीछे तक लागू किया जाए। ताकि उन उम्मीदवारों को दिए गए बोनस अंक हटा दिए जाएं, जिन्हें यह अंक सामाजिक-आर्थिक मापदंड के आधार पर मिले थे। खंडपीठ ने दलील को खारिज कर दिया और स्पष्ट किया कि 'सुकृति मलिक' मामले में दिया गया निर्णय, भविष्य की भर्तियों में प्रभावी होगा। यह 2022 से पहले की नियुक्तियों को प्रभावित नहीं करेगा। कोर्ट ने कहा 2018 में लागू किए गए सामाजिक-आर्थिक मापदंड पर उसके फैसले में कोई चर्चा नहीं की गई है, इसलिए वह केवल उस तिथि से प्रभावी होगा, जब संशोधित अधिसूचना 5 मई 2022 को लागू हुई थी।

### यह था मामला

सरकार ने ग्रुप सी व डी की भर्ती में सामाजिक-आर्थिक आधार पर 5 अंक देने का प्रावधान किया था। यह उनके लिए था जो हरियाणा के निवासी हैं, घर में कोई सरकारी नौकरी नहीं है। आवेदक के परिवार की आय 1.80 लाख रुपये से कम है। बाद में इस नीति को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी, जिसे 2024 में कोर्ट ने रद कर दिया था।

## मछली पकड़ने का लाइसेंस अब तीन दिन में मिलेगा

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा सरकार ने मत्स्य पालन विभाग की 8 सेवाओं को हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 के दायरे में लाते हुए, इन सेवाओं की समय-सीमा तय कर दी है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने शुक्रवार को अधिसूचना भी जारी कर दी। सघन मत्स्य विकास कार्यक्रम के तहत पंचायती तालाबों और निजी तालाबों के सुधार हेतु सब्सिडी 40 दिन के अन्दर उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके अलावा, खेल के लिए केवल फिशिंग रॉड से मछली पकड़ने का लाइसेंस 3 दिन में जारी करना होगा।


मत्स्य पालन की 8 सेवाओं की समय सीमा तय

## चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को गेहूं खरीदने के लिए ब्याज मुक्त एडवांस मिलेगा

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा सरकार ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को गेहूं खरीदने के लिए 25,000 रुपये का ब्याज मुक्त एडवांस देने का निर्णय लिया है। यह राशि समान मासिक किस्तों में वसूली जा सकेगी। इसकी पूरी राशि चालू वित्त वर्ष 2025-26 की समाप्ति से पहले वसूल की जाएगी। वित्त विभाग के अनुसार अग्रिम राशि केवल स्थायी और अस्थायी नियमित कर्मचारियों को ही मिलेगी। जहां पति-पत्नी दोनों सरकारी सेवा में हैं, अग्रिम राशि उनमें से किसी एक को ही मिलेगी।

**गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में वारदात, स्वास्थ्य मंत्री ने रिपोर्ट तलब की**

# एयर होस्टेस का डिजिटल रेप करने वाला आरोपित गिरफ्तार

**आरोपित अस्पताल का टेक्निशियन निकला** | **डॉक्टर्स का मेडिकल बोर्ड करेगा एयर होस्टेस की जांच** | **गुरुग्राम की सीएमओ ने मेदांता से इलाज की पूरी डिटेल मंगवाई**

**गुरुग्राम (हरिभूमि न्यूज)।** गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में बंगाल की एयर होस्टेस का डिजिटल रेप करने वाले आरोपित को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित मेदांता अस्पताल में आईसीयू मशीन का टेक्नीशियन है। वह पिछले 5 महीने से मेदांता में नौकरी कर रहा था। एयर होस्टेस की शिकायत पर केस दर्ज होने के बावजूद वह बेखौफ होकर गुरुग्राम में ही घूम रहा था। पुलिस के मुताबिक आरोपित टेक्नीशियन दीपक (25) मूल रूप से बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के बधौली गांव का रहने वाला है। उसे पकड़ने के लिए सीसीटीवी कैमरों की 800 फुटेज खंगाली गई। इसके अलावा मेदांता अस्पताल के डॉक्टर्स और कर्मचारियों मिलाकर 60 लोगों से पूछताछ की गई। जिसके बाद आरोपित का पता चला। आरोपित पर आईसीयू में वेंटिलेटर पर पड़ी एयर होस्टेस के साथ डिजिटल रेप करने के आरोप हैं।

**आज कोर्ट में पेश किया जाएगा :** गुरुग्राम के डीसीपी (हेडक्वार्टर) डॉ. अर्पित जैन ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए कहा कि आरोपित को शनिवार को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। जिसके बाद एयर होस्टेस के यौन उत्पीड़न के बारे में पूछताछ की जाएगी।

### एयर होस्टेस ने 14 अप्रैल को दी शिकायत

बंगाल की रहने वाली एयर होस्टेस ने 14 अप्रैल को गुरुग्राम पुलिस को शिकायत दी थी कि उसके साथ मेदांता अस्पताल में डिजिटल रेप हुआ है। 6 अप्रैल की रात 9 बजे जब वह वेंटिलेटर पर थी, तब आईसीयू में उसके निजी अंगों के साथ छेड़छाड़ की गई। इस हाईप्रोफाइल मामले देखते हुए गुरुग्राम के थाना सदर में तुरंत केस दर्ज कर लिया। इसके बाद पुलिस मेदांता अस्पताल पहुंची। जहां से सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जब्त की गई। आईसीयू और छेड़छाड़ के समय ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों का ड्यूटी रजिस्टर भी जब्त किया गया।



### जांच के लिए बनाई थी एसआईटी

गुरुग्राम के पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा ने स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) बना दी। जिसके चीफ डीसीपी (हेडक्वार्टर) डॉ. अर्पित जैन बनाए गए। इस टीम ने मेदांता अस्पताल से लेकर आसपास सभी जगहों की फुटेज खंगाली। करीब 800 फुटेज को बार-बार देखा गया। माइक्रो लेवल पर देखने के बाद ही टेक्नीशियन के यौन शोषण का सुराग मिला। अस्पताल के 60 डॉक्टरों व कर्मचारियों से पूछताछ की गई। जिसके बाद आरोपित पकड़ा गया।

**स्वास्थ्य मंत्री आरती राव भी सक्रिय**
इस मामले में हरियाणा सरकार भी एक्टिव हो चुकी है। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने गुरुग्राम की सीएमओ से एयर होस्टेस के इलाज से लेकर डिस्चार्ज होने तक की सारी रिपोर्ट मांगी है। जिसके बाद गुरुग्राम सेहत विभाग डॉक्टरों के बोर्ड के जरिए सोमवार को एयर होस्टेस की मेडिकल जांच करेगा। वहीं सीएमओ ने मेदांता अस्पताल से पूरी रिपोर्ट तलब कर ली है।

**कैथल में निजी चिकित्सक ने बरती घोर लापरवाही**

## डिलीवरी के दौरान पेट में छोड़े ओरनाल के अंश, जहर फैलने से महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

यहां के एक निजी अस्पताल में महिला की डिलीवरी के दौरान ऑपरेशन में बरती गई लापरवाही के कारण महिला की मौत हो गई। पुलिस ने लापरवाही बताने के आरोप में डॉक्टर के खिलाफ केस दर्ज किया है। खेड़ी राओ वाली के अजय ने सिविल लाइन कैथल पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 15 अप्रैल को उसने अपनी पत्नी आरती (28) को डिलीवरी के लिए कैथल के सृष्टि अस्पताल में दाखिल करवाया था। डॉक्टर ने सीजेरियन के बाद महिला के पेट में बच्चे की ओरनाल यानी गर्भनाल छोड़ दी। इससे पेट में तहर फैलने से उसकी पत्नी आरती की मौत हो गई।

*15 अप्रैल को हुई थी सीजेरियन से महिला की डिलीवरी, पुलिस ने डॉक्टर पर मुकदमा दर्ज किया*

### डॉक्टर बोला हार्टअटैक हुआ

अजय ने बताया कि डॉक्टर ने उनको बताया कि उनका पत्नी को हार्ट अटैक हो रहा है। जल्दी में किसी दूसरे अस्पताल में ले जाएं। पत्नी की हालत गंभीर होने के कारण वे उसे दिल्ली के नवजीवन अस्पताल ले गए। वहां पर अल्ट्रासाउंड के दौरान बताया गया कि उसकी पत्नी के गर्भाशय में ओरनाल के टुकड़े मिले हैं, जिससे जहर फैल गया और आरती की मौत हो गइ। सिविल लाइन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर शिव कुमार ने बताया कि पुलिस ने आरोपित डॉक्टर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

**आईपीएल में आज**



गुजरात V/S दिल्ली
समय : 3.30 PM
स्थान : अहमदाबाद

राजस्थान V/S लखनऊ
समय : 7.30 PM
स्थान : जयपुर

### आज घोषित हो सकता है जेईई मेन का रिजल्ट

**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई (मेन) के दूसरे संस्करण के परिणाम 19 अप्रैल तक घोषित किए जाएंगे। एनटीए के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एनटीए के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई)-मेन, 2025 के दूसरे संस्करण का परिणाम 19 अप्रैल तक घोषित कर दिया जाएगा। परीक्षा 2, 3, 4, 7 और 8 अप्रैल को आयोजित की गई थी।

### छत्तीसगढ़ : 33 नक्सलियों ने किया सरेंडर, 17 पर 49 लाख का इनाम

**सुकमा (भाषा)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में एक नक्सली दंपति समेत 33 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले 17 नक्सलियों पर 49 लाख रुपये का इनाम था। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को नौ महिलाओं समेत 22 नक्सलियों ने पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया, जबकि बाद में दो महिलाओं समेत 11 अन्य नक्सलियों ने पुलिस अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया। आठ-आठ लाख के इनामी नक्सली मुचाकी जोगा और उसकी पत्नी मुचाकी जोगी ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है।

**22 ने सीआरपीएफ और 11 ने पुलिस के सामने किया आत्मसमर्पण**

### 5000 रुपये देकर 6 लाख से अधिक आय वाले भी बनवा सकते हैं आयुष्मान कार्ड

**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार ने चिरायु आयुष्मान भारत योजना का लाभ 3 लाख रुपये से अधिक वार्षिक आय वाले परिवारों को भी देने का फैसला किया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव ने शुक्रवार को घोषणा की कि संशोधित योजना के तहत, 3 लाख रुपये से अधिक और 6 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले परिवार अब 4,000 रुपये का वार्षिक अंशदान देकर योजना का लाभ उठा सकते हैं। 6 लाख रुपये से अधिक आय वाले परिवार 5,000 रुपये का वार्षिक भुगतान करके लाभ उठाने के पात्र होंगे। पहले, 1.80 लाख रुपये से 3 लाख रुपये के बीच की आय वाले परिवार 1,500 रुपये का वार्षिक भुगतान करके योजना का लाभ उठाने के पात्र थे। यह योजना प्रति वर्ष प्रति परिवार 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवरेज प्रदान करती है।

**सरकार ने बढ़ाया चिरायु आयुष्मान भारत योजना का दायरा**

**उपलब्धि** पीएम मोदी बोले-यह हर भारतीय के लिए गौरव का क्षण

## गीता और नाट्य शास्त्र यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में दर्ज

*केंद्रीय मंत्री शेखावत बोले यह वैश्विक सम्मान भारत के शाश्वत ज्ञान और कलात्मक प्रतिभा का जश्न*

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** श्रीमद् भगवत गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र को यूनेस्को ने अपने मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल किया है। इसके साथ ही, अब हमारे 14 अभिलेख यूनेस्को के रजिस्टर में शामिल हो गए हैं। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शुक्रवार को एक्स पर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह वैश्विक सम्मान भारत के शाश्वत ज्ञान और कलात्मक प्रतिभा का जश्न है। ये कालातीत रचनाएं साहित्यिक खजाने से कहीं अधिक हैं। ये दार्शनिक आधार हैं, जिन्होंने हमारे सोचने, महसूस करने, जीने और अभिव्यक्त करने के तरीके को बेहतर बनाया है। 18 अप्रैल यानी वर्ल्ड हेरिटेज डे के दिन इसे शामिल किया जाना भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

### समृद्ध संस्कृति को वैश्विक मान्यता

पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर ट्वीट करते हुए इसे दुनिया में हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण बताया। उन्होंने कहा-यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में गीता और नाट्यशास्त्र को शामिल करना हमारे शाश्वत ज्ञान और समृद्ध संस्कृति की वैश्विक मान्यता है। गीता और नाट्यशास्त्र ने सदियों से सभ्यता और चेतना का पोषण किया है। उनकी अंतर्दृष्टि दुनिया को प्रेरित करती रहती है।



### 1992 में शुरू हुआ था रजिस्टर

यूनेस्को का मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर एक अंतरराष्ट्रीय पहल है, जिसे यूनेस्को ने 1992 में शुरू किया था। इसका उद्देश्य विश्व के महत्वपूर्ण दस्तावेजी विरासतों को पहचान देना, उसे संरक्षित करना और लोगों की पहुंच में लाना है। यह एक अंतरराष्ट्रीय रजिस्टर है, जिसमें विश्वभर के ऐतिहासिक दस्तावेज, पांडुलिपियां, दुर्लभ पुस्तकें, चित्र, फिल्में, ऑडियो रिकॉर्डिंग आदि को शामिल किया जाता है।

**वर्ष 2024 में शामिल हुई थी रामचरितमानस**
2024 में, तीन भारतीय साहित्यिक कृतियों रामचरितमानस, पंचतंत्र, और सहृदय लोक-लोकन को 'मैमोरी ऑफ द वर्ल्ड कमेटी फॉर एशिया एंड द पेसिफिक रीजन रजिस्टर में शामिल किया गया था। यह भारत के लिए बड़ी उपलब्धि थी। इस बार भी दो गीता और नाट्य शास्त्र को शामिल किया जाना भारत के बड़ी कामयाबी है।



## खबर संक्षेप



### राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने 'इरादा रेडियो' का शुभारंभ किया

**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने शुक्रवार को धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में सामुदायिक रेडियो 'इरादा रेडियो' का शुभारंभ किया। राज्यपाल ने 'इरादा रेडियो' के स्थापना समारोह में बतौर अतिथि शिरकत की। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि इंडियन रिसोर्स एंड डेवलपमेंट एसोसिएशन (इरादा) के द्वारा कुरुक्षेत्र में सामुदायिक रेडियो स्टेशन इरादा रेडियो स्थापित किया जा रहा है।

### 21 को सिविल सचिवालय में होगा कार्यक्रम

**चंडीगढ़।** बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में 21 अप्रैल को हरियाणा सिविल सचिवालय में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें हरियाणा के सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण और अंत्योदय (सेवा) मंत्री कृष्ण कुमार बेदी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

### गुरुग्राम के मानेसर में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों की बैठक में बोले मुख्यमंत्री सैनी

# हरियाणा को बनाएंगे मैन्यूफैक्चरिंग का हब उद्योग विभाग का बजट भी 129 फीसदी बढ़ाया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प पर आगे बढ़ते हुए आने वाले दिनों में हरियाणा को मैन्युफैक्चरिंग का हब बनाएंगे। पिछले 10 वर्षों में हमारी उद्योग अनुकूल तथा श्रमिक कल्याण नीतियों के चलते हरियाणा प्रदेश भारत के सबसे प्रगतिशील औद्योगिक शक्ति केंद्रों के रूप में स्थापित हुआ है। उन्होंने यह बात शुक्रवार को गुरुग्राम के मानेसर स्थित भारतीय कॉर्पोरेट मामले संस्थान में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ बैठक को संबोधित करते हुए कही। नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि वर्ष 2047 में विकसित भारत बने। इसी संकल्प को पूरा करने के लिए इस बार के बजट में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के बजट को बढ़ाकर 1848 करोड़ 12 लाख रुपये कर दिया है जोकि पिछली बार की तुलना में 129 फीसदी ज्यादा है। उन्होंने कहा कि इस बार के बजट में उद्योग जगत विशेषकर निर्माण, टैक्सटाइल, स्टार्टअप आदि के प्रतिनिधियों के सुझावों को भी शामिल किया है।




#### सुधार के लिए कदम

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने बजट में औद्योगिक श्रमिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए कई उपाय शामिल किए हैं। सभी औद्योगिक क्षेत्रों में 300 अटल किसान श्रमिक कैंटीन खोली जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण व मेक इन हरियाणा के उद्देश्य के साथ औद्योगिक नीतियों को केंद्र में रख कर हरियाणा प्रदेश एक विनिर्माण केंद्र बनेगा।

#### जीएसटी कलेक्शन बढ़ा

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि हरियाणा आज जीएसटी कलेक्शन में पूरे देश में पांचवें स्थान पर है। हमारी भौगोलिक स्थिति दिल्ली, पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश जैसे पड़ोसी राज्यों से अद्वितीय कनेक्टिविटी प्रदान करती है। यह निकटता व्यवसायों को बड़े उपभोक्ता बाजार और उत्कृष्ट लॉजिस्टिक्स इन्फ्रास्ट्रक्चर तक पहुंच प्रदान करती है। यही सामरिक लाभ वैश्विक निवेशकों को हमारे राज्य की ओर आकर्षित करता है।

#### 10 आईएमटी बनेंगी

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि हरियाणा में आईएमटी खरखौदा की तर्ज पर 10 नए औद्योगिक मॉडल टाउनशिप (आईएमटी) विकसित करेगी, भूमि की मांग एचएसआईआईडीसी द्वारा ई-भूमि पोर्टल पर पंजीकृत की जाएगी। प्रदेश में लैंड पूलिंग एवं लैंड पार्टनरशिप पॉलिसी को आकर्षक बनाने का कार्य जारी है ताकि भूमिधारकों को विकास का बराबर लाभ मिल सके। ये नए औद्योगिक टाउनशिप विश्व स्तरीय स्मार्ट औद्योगिक पार्क के रूप में विकसित किए जाएंगे।

#### राव नरबीर सिंह
#### बदलेगी औद्योगिक संपदाओं की तस्वीर

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि प्रदेश के सभी औद्योगिक संपदा क्षेत्रों में सडक, सीवरेज व स्वच्छता आदि के टेंडर जारी हो चुके हैं। औद्योगिक संगठनों की इस मांग पर अगले तीन महीने के भीतर काम शुरू हो जायेगा और छः महीने के भीतर इसे पूरा कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए नई नीति भी तैयार की जा रही है। जिसके तहत नए औद्योगिक क्षेत्र भी विकसित होंगे। उद्योगों की प्रगति से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और प्रदेश की तरक्की होगी। राव नरबीर सिंह ने कार्यक्रम में पहुंचे उद्योग जगत से प्रतिनिधियों से पर्यावरण संरक्षण में भी अपना योगदान देने की अपील की। उन्होंने पॉलीथिन को पर्यावरण के लिए बड़ा खतरा बताते हुए कहा कि पैकिंग को लेकर नए विकल्प तलाश करें ताकि हम आने वाले समय में पर्यावरण को स्वच्छ बना सके। साथ ही अपने रोजमर्रा के कामकाज में भी पर्यावरण हितैषी सामग्री का इस्तेमाल करें।

# हिसार के नायब तहसीलदार पर राइट टू सर्विस एक्ट के तहत पांच हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

- हरियाणा राज्य सेवा आयोग ने की कार्रवाई, डीसी को पत्र
- भूमि हस्तांतरण एवं म्युटेशन प्रक्रिया में हुई थी देरी

हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने एक महत्वपूर्ण आदेश में, हिसार तहसील के नायब तहसीलदार द्वारा समयबद्ध सेवा प्रदान न किए जाने पर कड़ी कार्रवाई की है। यह मामला गांव बीड़ में भूमि हस्तांतरण एवं म्युटेशन प्रक्रिया में हुई देरी से संबंधित है। आयोग के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि हिसार निवासी सुमेधा जिंदल द्वारा दर्ज की गई शिकायत पर सुनवाई करते हुए आयोग ने पाया कि नायब तहसीलदार नवदीप द्वारा दी गई जानकारी तथ्यों के विपरीत थी। उन्होंने यह कहा था कि दि हिसार एनिमल हसबैंड्री को-ऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग सोसायटी लिमिटेड के नाम भूमि के हस्तांतरण की प्रक्रिया जून 2024 से शुरू होकर अक्टूबर 2024 में पूर्ण हुई, जबकि उस अवधि में वास्तव में केवल कुछ ही विक्रय विलेख हुए थे। इसके अतिरिक्त, हरियाणा सरकार की अधिसूचना 16 मार्च 2021 के अनुसार, विक्रय विलेख पंजीकरण के दिन ही म्युटेशन प्रक्रिया स्वतः आरंभ हो जानी चाहिए थी जबकि इस मामले में पंजीकरण और म्युटेशन एंट्री के बीच अत्यधिक विलंब हुआ और म्युटेशन की प्रविष्टि 23 दिसंबर 2024 को तब की गई जब आयोग ने 17 दिसंबर 2024 को इस पर संज्ञान लिया। इतना ही नहीं, आयोग ने पाया कि जिन विलेखों का पंजीकरण शिकायतकर्ता के बाद हुआ था, उनका म्युटेशन पहले दर्ज कर लिया गया। यह स्पष्ट रूप से भेदभाव और सेवा में देरी को दर्शाता है।

#### उत्पीड़न का दोषी पाया

राज्य सेवा आयोग ने नायब तहसीलदार नवदीप को सेवा में लापरवाही और शिकायतकर्ता को उत्पीड़ित करने का दोषी पाया है। हरियाणा राइट टू सर्विस एक्ट, 2014 की धारा 17(1)(एच) के तहत पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। साथ ही, शिकायतकर्ता को पांच हजार रुपये का मुआवजा भी प्रदान करने के आदेश दिए गए हैं। आयोग द्वारा हिसार के उपायुक्त को निर्देश दिया गया है कि अप्रैल 2025 के वेतन से यह राशि काटकर राज्य कोष में जमा कराई जाए तथा मुआवजा शिकायतकर्ता को प्रदान किया जाए।

# पंचायती राज दिवस पर मिलेंगे तोहफे, गांवों में अलग से महिला 'चौपाल' बनाने की तैयारी

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

सूबे की महिलाओं को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर सूबे की नायब सैनी सरकार तोहफा देने की तैयारी में हैं। गांवों में महिलाओं के लिए अलग से 'चौपाल' बनाने की बड़ी पहल पर अमल करने की तैयारी है। इस क्रम में पहले चरण में 754 गांवों में महिला चौपाल बनाने पर चिंतन मंथन हो चुका है। राज्य के विकास एवं पंचायत महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से इसका ड्राफ्ट बनाया जा रहा है, यह भी माना जा रहा है कि इस दिन एक बड़ा समारोह पंचकूला में 24 को करने की तैयारी है।

भरोसेमंद उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि परियोजना पर करीब 18 करोड़ की राशि खर्च की जाएगी। मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा 24 अप्रैल को पंचकूला में आयोजित किए जाने वाले पहले राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस समारोह के दौरान इस तरह की घोषणा किए जाने की तैयारी है। अहम बात यह है कि इस खास समारोह में पंचायती राज संस्थाओं (पंचायतों, जिला परिषद पंचायत समिति) सभी पदाधिकारियों को बुलाने की तैयारी है। यह भी बताया जा रहा है कि इस समारोह में दस हजार से ज्यादा की संख्या होगी और छह हजार से ज्यादा जनप्रतिनिधियों को हिस्सा लेने के लिए बुलाने की तैयारी है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुनने का मौका भी यहां पर आने वालों को मिलेगा क्योंकि वे राष्ट्रीय स्तर के बिहार के मधुबनी में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे। बिहार में आयोजित होने वाले समारोह का सीधा प्रसारण किया जाएगा।

#### पहले से जहां भवन वहीं चौपालों को चुना गया

इस अहम योजना के पहले चरण में ग्रामीण इलाकों में जहां जहां पर पहले से भवन मौजूद हैं, वहां पर के गांवों को महिला 'चौपाल' के लिए चुन लिया गया है। जो महिलाओं को एक स्थान पर इकट्ठा होने, आपसी चिंतन मंथन करने के लिए खास जगह होगी। ग्रामीण परिवेश में यह पहला मौका होगा जब एक विशेष स्थान महिलाओं को मिलेगा। इन महिला चौपालों में महिला सांस्कृतिक केंद्र भी होंगे। इसका भरपूर लाभ यह होगा कि आपसी वार्ता और वर्तमान माहौल के अलावा यहां नृत्य, गायन अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की तैयारी है। चौपाल खोलने के लिए उपलब्ध भवनों की पहचान करने के लिए सर्वे कर लिया गया था। महिला चौपालों के लिए बनाए गए कईं भवनों का आजतक इस्तेमाल नहीं किया गया है।

#### लाडो लक्ष्मी योजना को लेकर भी मंथन

नायब सैनी सरकार द्वारा चुनावों से ठीक पहले लाडो लक्ष्मी योजना की घोषणा पर अमल करने को लेकर भी तेजी के साथ में चिंतन मंथन किया जा रहा है। खास बात यह है कि इसके लिए बजट सत्र में बजट का प्रावधान भी कर लिया गया है लेकिन यह किन किन महिलाओं को देनी है, इस पर अभी भी मंथन चल रहा है। अभी तक इसको लेकर नोटिफिकेशन भी नहीं हो सकी है। जिसके कारण पात्रता की लाइन में लगी महिलाएं भी इंतजार में हैं। कुल मिलाकर इस योजना को लेकर भी वित्त विभाग के साथ साथ में कईं विभाग चिंतन मंथन में जुटे हुए हैं ताकि आने वाले वक्त में इसे अमली जामा पहनाने के लिए फाइनल टच दिया जा सके।

# जहां लिंगानुपात बिगड़ा वहां के एसएमओ और एमओ जिम्मेदार होंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

- गिरते लिंगानुपात को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट पर
- महानिदेशक डॉ. कुलदीप सिंह ने ली बैठक

हरियाणा में गिरते लिंगानुपात को लेकर स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। राष्ट्रीय स्तर पर फिर से हरियाणा की किरकिरी होने लगी है। जिसके चलते स्वास्थ्य विभाग ने अब अधिकारियों की जवाबदेही तय कर दी है। पंचकूला में प्रदेशभर अफसरों की बैठक को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य विभाग महानिदेशक डॉ. कुलदीप सिंह ने कहा है कि जिस भी क्षेत्र में लिंगानुपात में कमी आएगी उसके लिए संबंधित क्षेत्र का एसएमओ और एमओ जिम्मेदार होगा और उसके विरूद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। एक दिवसीय बैठक में निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं और राज्य टास्क फोर्स संयोजक डॉ.वीरेंद्र यादव उपस्थित थे। बैठक में पीसी एंड पीएनडीटी अधिनियम, मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी अधिनियम, एआरटी तथा सरोगेसी अधिनियम के जिला नोडल अधिकारी, हरियाणा के सभी जिलों से औषधि नियंत्रण अधिकारी शामिल हुए। डीजीएचएस डॉ. कुलदीप सिंह ने कहा कि राज्य में लिंगानुपात में सुधार के लिए सभी जिलों तेजी से कार्य करना होगा।

#### डाटा तैयार करें

महानिदेशक ने निर्देश दिए कि सभी जिलों को एएनएम रजिस्टर के अनुसार पिछले पांच वर्षों का ग्राम अनुसार लिंगानुपात डेटा एकत्र करना होगा। हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एसटीएफ की बैठक में लिए सभी निर्णय जमीनी स्तर तक लागू होने चाहिए। एसटीएफ के संयोजक डॉ. वीरेंद्र यादव ने कहा कि सभी नोडल अधिकारी एमटीपी पर गड़बड़ी करने वाले केंद्रों के खिलाफ शिकंजा कसें।

# मनोहर लाल ने नीलोखेड़ी में भूमि का निरीक्षण किया, नक्शा बनाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

केंद्रीय बिजली, आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल ने शुक्रवार को नीलोखेड़ी में केंद्र सरकार की खाली पड़ी भूमि का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान मनोहर लाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस भूमि से संबंधित दस्तावेजों की रिपोर्ट बनाकर उनके कार्यालय में भेजें। इसके उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि नीलोखेड़ी में केंद्र सरकार की सरकारी प्रेस की भूमि इस समय खाली है, इस भूमि पर काफी वर्ष पहले प्रेस चला करती थी जोकि अब बंद हो चुकी है। यह भूमि केंद्र सरकार के आवास एवं शहरी विभाग की है, उन्होंने कहा कि इस भूमि से संबंधित पहले समीक्षा की थी और आज वे खुद इस भूमि का निरीक्षण करने के लिए आए हैं, इस भूमि से संबंधित एक प्रस्ताव प्रदेश सरकार के सामने रखेंगे कि योग्य कीमत पर यह भूमि किसी विभाग को ट्रांसफर की जाए ताकि उसके बाद इस भूमि का उचित उपयोग हो सके और रोजगार के साधन उपलब्ध हो सकें। उन्होंने नीलोखेड़ी के एसडीएम को यह भी निर्देश दिए कि इस भूमि का नक्शा बनाया जाए और इसकी रिपोर्ट कार्यालय में भिजवाई जाए।



#### अनाजमंडी का दौरा किया, किसानों से बात की

इसके बाद केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने अनाज मंडी का भी दौरा किया तथा मंडी एसोसिएशन के पदाधिकारियों से खरीद व्यवस्था, बारदाना आदि के बारे में पूछा, इसके बाद गेहूं की ढेरियों का निरीक्षण किया और गेहूं में नमी की जांच की। उन्होंने किसानों से भी बातचीत की।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना


| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | जिला यमुनानगर में कि.मी. 81.90 पर कलानौर से कैल रोड पर आरओबी के नीचे अंडरपास का निर्माण। | 16.04.2025 24.04.2025 | 106.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01732-237834 pwd-eepd-yamunanagar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प कैथल | डॉ. बी.आर. अम्बेडकर कॉलेज, जगदीशपुरा कैथल के शौचालयों का पुनरोद्धार। | बंद होने की तिथि 24.04.2025 | 37.57 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896070157 pwd-eepd-kaithal@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज हिसार | खारिया, हिसार2, खारिया से पुराना खारिया प्राथमिक विद्यालय रास्ता तक आईपीबी रास्ता का निर्माण। (वीएएनजीवाई) + 9 कार्य। | 17.04.2025 29.04.2025 | 83.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज झज्जर | 49.15 – गांव खुडन ब्लॉक माछरौली में दादा वाला मोड़ के निकट ओक्सीवन की स्थापना। | 16.04.2025 22.04.2025 | 41.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2026/80/34035/1/88/6 दि. 18.04.25


# नए कानूनों के क्रियान्वयन में हरियाणा अग्रणी

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन की प्रगति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। नायब सैनी ने कहा कि इन नए कानूनों, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के क्रियान्वयन से न्याय प्रणाली में उल्लेखनीय सुधार होगा, जिससे समस्त देश में आम नागरिकों को त्वरित, पारदर्शी और छेड़छाड़-रहित न्याय प्रदान करना सुनिश्चित होगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय में हाल ही में हुई समीक्षा में, हरियाणा के प्रयासों की सराहना की। बैठक में केंद्रीय गृह सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा, डीजीपी शत्रुजीत कपूर, डीजीपी जेल मोहम्मद अकील आदि मौजूद रहे।

# कैमिस्ट शॉप में सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने सभी उपायुक्तों को प्रदेश-भर में नशा मुक्ति केंद्रों का गहन निरीक्षण करने और आगामी 22 अप्रैल तक विस्तृत अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने खाद्य एवं औषधि प्रशासन को प्रदेश में दवा की दुकानों के लिए सख्त नियम लागू करने के भी निर्देश देते हुए कि कहा कि संचालन निगरानी के लिए सभी कैमिस्ट शॉप में सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य होगा। इसके अलावा, दवा विक्रेताओं को एक ऐसी जगह पर अपने लाइसेंस को प्रमुखता से प्रदर्शित करना होगा, जहां उपभोक्ता इसे आसानी से देख सकें। मुख्य सचिव ने ये निदेश आज राज्य स्तरीय नार्को समन्वय केंद्र की 10वीं कमेटी बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए।


## उत्तर रेलवे
### ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अंबाला छावनी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई–नीलामी रेलवे वेब साइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेको का विवरण निम्नलिखित है।

| | क्र. सं. | नीलामी काटलोग सं | कार्य का विवरण | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| PAR-KING | 1 | UMB-Mix-11-2025 | रूपनगर रेलवे स्टेशन पर दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया का ठेका । कुल एरिया – 1194.36 वर्ग मी.। | 28.04.25 15:00:00 |
| | 2 | UMB-Mix-11-2025 | अंबाला शहर रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में दो पहिया वाहनों के लिए 815.89 वर्ग मीटर और चार पहिया वाहनों के लिए 1226.12 वर्ग मीटर पार्किंग स्थल का आवंटन। | 28.04.25 15:00:00 |
| NFR | 3 | UMB-Advt-07-25 | चंडीगढ़ के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 28.04.25 12:00 |
| | 4 | UMB-Advt-07-25 | सिरहिंद रेल्वे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 28.04.25 12:00 |
| | 5 | UMB-Advt-07-25 | गिदड़बाहा रेल्वे स्टेशन के आउट ऑफ़ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 28.04.25 12:00 |
| | 6 | UMB-Advt-07-25 | भटिंडा रेल्वे स्टेशन के आउट ऑफ़ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 28.04.25 12:00 |
| | 7 | UMB-Advt-07-25 | फतेगढ़ साहिब रेल्वे स्टेशन के आउट ऑफ़ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 28.04.25 12:00 |
| | 8 | UMB-Advt-07-25 | धुरी रेल्वे स्टेशन के आउट ऑफ़ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 28.04.25 12:00 |
| | 9 | UMB-Advt-07-25 | सहारनपुर रेल्वे स्टेशन के आउट ऑफ़ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 28.04.25 12:00 |
| | 10 | UMB-Advt-07-25 | शिमला रेल्वे स्टेशन के आउट ऑफ़ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 28.04.25 12:00 |
| | 11 | UMB-Advt-07-25 | बराडा रेल्वे स्टेशन के आउट ऑफ़ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 28.04.25 12:00 |
| | 12 | UMB-Advt-07-25 | सहारनपुर रेल्वे स्टेशन परिसर मे डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 28.04.25 12:00 |
| | 13 | UMB-Advt-07-25 | सहारनपुर रेल्वे स्टेशन परिसर मे नॉन–डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 28.04.25 12:00 |
| | 14 | UMB-Advt-07-25 | भटिंडा रेल्वे स्टेशन परिसर मे नॉन–डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 28.04.25 12:00 |
| | 15 | UMB-Advt-07-25 | ऊना हिमाचल रेल्वे स्टेशन परिसर मे नॉन–डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 28.04.25 12:00 |
| | 16 | UMBExtFFMA03-25 | ट्रेन नं. 14503/14504(KLK-SVDK Express) & 22455/56 (SNSI-KLK Express) के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 29.04.25 12:00 |
| | 17 | UMBExtFFMA03-25 | ट्रेन नं. 14521/14522(DLI-UMB Express) & 14507/08 (DLI-FKA Express) के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 29.04.25 12:00 |
| | 18 | UMBExtFFMA03-25 | ट्रेन नं. 14523/14524(UMB-BJU Express) के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 29.04.25 12:00 |
| | 19 | UMBExtFFMA03-25 | ट्रेन नं. 12449/50(CDG-MAO Sampark Kranti Express) & 10215/16 (MAO-ERS Express) के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 29.04.25 12:00 |
| | 20 | UMBExtFFMA03-25 | ट्रेन नं. 20493/94(CDG-MDU Express) के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 29.04.25 12:00 |
| | 21 | UMBExtFFMA03-25 | ट्रेन नं. 14525/14526(UMB-SGNR Express) के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 29.04.25 12:00 |
| Pay & Use | 22 | UMB-Mix-11-2025 | कालका रेलवे स्टेशन पर पे एवं यूज शौचालय के संचालन एवं रख–रखाव का ठेका। | 28.04.25 15:00 |
| | 23 | UMB-Mix-11-2025 | धुरी रेलवे स्टेशन पर कुल 02 पे एवं यूज शौचालय के संचालन एवं रख–रखाव का ठेका। | 28.04.25 15:00 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1169/25



## उत्तर रेलवे
### खुली ई–निविदा

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जो कि उन कार्यों के सामने दी गई तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (₹) | अग्रिम राशि (₹) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (i) मरम्मत पिट, नाली द्वारा बुनियादी सुविधाओं का विस्तार, सी एंड डब्ल्यू डिपो, कालका में बीजी और एनजी वॉशिंग लाइनों पर कैटवे स्लैब। (ii) एडीईएन/एसआरई के तहत एसएसई/डब्ल्यू/एल/एसआरई के खंड में यूएमबी–एसआरई खंड पर आईबीएस सरसावा–कनानौर का प्रावधान। | ₹67,56,680/- | ₹1,35,100/- | 04 महीने | 08.05.2025 |
| 2. | एडीईएन/एसआईआर के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/एसआईआर और एनएलडीएम खंड में सीवरेज/जल निकासी प्रणाली (एनएलडीएम, यूएचएल, एमएनपीआर, केआरएलआई और अन्य रेलवे कॉलोनियों) की मरम्मत, पुल जलमार्ग की सफाई (पुल संख्या 69, 71, 62, 38, 1, 93, 99, 154, 228, 229, 230, 212, 243 और एसआईआर–डीएलपीसी खंड पर अन्य पुल) | ₹62,50,278/- | ₹1,25,000/- | 06 महीने | 08.05.2025 |
| 3. | एडीईएन/एसआईआर के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/एसआईआर और एलएलडीएम अनुभाग में पुलों की विविध मरम्मत और विभिन्न एलएचएस से जल निकासी। | ₹45,78,146/- | ₹91,600/- | 06 महीने | 08.05.2025 |
| 4. | एसआईआर–डीएलपीसी सेक्शन पर किमी 1.05 पर पुल संख्या 1, स्पान 1x5.91 + 5x12.19 + 1x5.91 मीटर के लिए पीएससी स्लैब के साथ स्टील गर्डर का प्रतिस्थापन। | ₹1,66,22,158/- | ₹2,33,100/- | 08 महीने | 08.05.2025 |
| 5. | एडीईएन/एसएमएम के अनुभाग में कालका–शिमला सेक्शन पर शेष 14620.24 क्यूम 65 मिमी गेज पत्थर गिट्टी की आपूर्ति। | ₹2,34,75,722/- | ₹2,67,400/- | 12 महीने | 08.05.2025 |
| 6. | कालका स्टेशन की कॉलोनी में विभिन्न स्थानों पर पानी की आपूर्ति में सुधार के लिए पुराने/खराब मौजूदा टैंकों के बदले में प्लंबिंग पाइप, बोर, पंप और पंप आउस के साथ 01 नग 225 KL का आरसीसी ओएच टैंक का प्रावधान। | ₹83,82,309/- | ₹1,67,700/- | 08 महीने | 08.05.2025 |

**नोटः 1)** ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी संबंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। **2)** अग्रिम राशि ऑनलाइन पेमेंट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेंट के द्वारा की स्वीकार्य होंगे। **3)** निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें। **4)** ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट द्वारा लॉग ऑन करना होगा। **5.** जी.एस.टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

**खुली निविदा संख्या 03–अम्बाला/2025–26 दिनांकः 17.04.2025** 1168/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## खबर संक्षेप

### महिला के बैग से आभूषण व नकदी चोरी

**गुरुग्राम।** ई-रिक्शा में सवार दो महिलाओं द्वारा सीआरपीएफ कैंप जा रही महिला के बैग से लाखों के जेवरात व नगदी साफ करने का मामला सामने आया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में गुडग़ांव के राजीव नगर में रहने वाली 62 वर्षीया कमलेश ने कहा कि वह 16 अप्रैल की सुबह करीब दस बजे गुरुग्राम बस स्टैंड से ई-रिक्शा में सवार होकर किसी काम से सीआरपीएफ कैंप जा रही थी। ई-रिक्शा में दो महिला, एक बच्चा और एक आदमी भी बैठा था। कमलेश जब कैंप उतरी तो बैग से सोने का हार, एक सोने की चेन व नकदी गायब मिली।

### कोर्ट कर्मचारी से मारपीट के आरोपी काबू

**फरीदाबाद।** कोर्ट के स्टेनोग्राफर से मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सैक्टर-10 निवासी विजय कुमार ने पुलिस चौकी सेक्टर-11 में दी अपनी शिकायत बताया कि नूंह कोर्ट में स्टेनोग्राफर तैनात है, 15 अप्रैल को जब वह ड्यूटी से घर वापिस आ रहा था तो एक स्कॉर्पियो गाडी वाले ने उसकी कार को टक्कर मारी। जिसमें तीन लडके बैठे थे, जब वह उनसे बात करने गया तो उन लडको ने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी और उसका मोबाइल फोन छीन लिया। मामले में पुलिस ने रितिक चपराना, तरुण व भुपेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है।

### बैंक कर्मी बनकर लगाई ढाई लाख की चपत

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर थाना एरिया में जालसाज ने बैंक कर्मी बनकर एक युवक को ढाई लाख रुपए की चपत लगा दी। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-89 स्थित एक सोसाइटी में रहने वाले विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि बीती 10 अप्रैल की सुबह करीब साढ़े नौ बजे उसके पास एक कॉल आई। जिसमें कॉलर ने खुद को बैंक कर्मी बताया और उससे अकाउंट की जानकारी मांगी। विनोद कुमार ने जानकारी नहीं दी तो उससे अकाउंट ब्लॉक होने की बात कही गई। विनोद ने अपना अकाउंट चेक किया तो वह चालू था। इसके दूसरे दिन सांय करीब 04.21 बजे उसके व्हॉट्सअप पर एक लिंक आया। जिसको क्लिक करने के बाद विनोद ने उस मैसेज को डिलीट कर दिया। लेकिन 12 अप्रैल को उसके अकाउंट से आईएमपीएस के माध्यम से ढ़ाई लाख रुपये निकल गए।

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच एनआईटी की टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में आरोपी समीम कुरेशी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया के क्राइम ब्रांच एनआईटी की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी समीम कुरेशी निवासी रसुलपुर चौक पलवल को लेजर वैली पार्क पार्किंग फरीदाबाद से काबू कर एक देसी कट्टा बरामद किया है। जिसके खिलाफ थाना सुरजकुंड फरीदाबाद में अवैध हथियार रखने की धारा में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

### एसडीएम पुल्कित मल्होत्रा का आरोप : मेरी दुर्घटना हो सकती है साजिश

# बाइक सवारों ने हार्न व स्पीड बढ़ाकर मारी टक्कर, पत्नी से चल रहा अधिकारी का विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सफीदों



- सात अप्रैल को सफीदों के एसडीएम खाना खाने के बाद टहलने निकले थे
- एक्सीडेंट में गंभीर रूप से चोटिल
- 16 अप्रैल को महिला आयोग के सामने पेश होना था
- एसपी से मामले की जांच की मांग

एचसीएस अधिकारी पुल्कित मल्होत्रा ने गत सात अप्रैल को अपने साथ हुए सड़क हादसे को साजिश का आरोप लगाते हुए एसपी से जांच की मांग की है। सफीदों में एसडीएम के तौर पर तैनात पुल्कित मल्होत्रा सात अप्रैल की देर शाम को खाने के बाद टहलने के लिए निकले थे कि पीछे से बाइक ने टक्कर मार दी थी और इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। फिलहाल पानीपत के निजी अस्पताल में पुल्कित मल्होत्रा का उपचार चल रहा है। एसडीएम को सिर, मुंह समेत चार जगह पर गंभीर चोटें आई हैं। पुल्कित मल्होत्रा का अपनी पत्नी के साथ विवाद भी चल रहा है और इस मामले में 16 अप्रैल को फरीदाबाद में राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन के सामने पेश होना था लेकिन एक्सीडेंट के चलते वह पेश नहीं हो पाए। सफीदों पुलिस को दी शिकायत में एसडीएम पुल्कित मल्होत्रा ने बताया कि जिस तरह से उसके साथ एक्सीडेंट हुआ है। यह सोची समझी साजिश हो सकती है। उसे चोट पहुंचाने या मारने के उद्देश्य से पीछे से आ रहे बाइक सवार युवकों ने पहले बाइक की स्पीड बढ़ाई और हॉर्न बजाया गया। यह साजिश का हिस्सा हो सकता है। एक्सीडेंट की वीडियो से भी ऐसा ही प्रतीत होता है। उनकी एसपी, डीएसपी से मांग है कि इस केस की गहनता से जांच की जाए और पता लगाया जाए कि किनके कहने पर आरोपियों ने इस एक्सीडेंट की घटना को अंजाम दिया। मामले में पता लगाया जाए कि बाइक सवार किसी के संपर्क में थे या किन कारणों से निजी रंजिश के चलते अंजाम दिया। गौरतलब है कि गत सात अप्रैल की देर शाम को सफीदों एसडीएम पुल्कित मल्होत्रा महात्मा गांधी मार्ग पर टहलने गए थे। वहां से जब वह वापस घर लौट रहे थे तो लीलावती अस्पताल के पास तेज रफ्तार बाइक सवार युवकों ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वह उछल कर खंभे से जा टकराए। इसके बाद वह उठ नहीं पाए। हादसे के वक्त बाइक की स्पीड 100 से ज्यादा थी। एसडीएम को सिर और मुंह पर छह जगह गंभीर चोटें आई हैं।

#### पत्नी ने मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न के आरोप लगाए

पिछले काफी दिनों से एसडीएम पुल्कित मल्होत्रा का अपनी पत्नी के साथ विवाद चल रहा है। उन पर पत्नी ने उत्पीड़न, मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। इसे लेकर महिला आयोग द्वारा बार-बार बुलाने पर भी पुल्कित मल्होत्रा महिला आयोग के सामने पेश नहीं हो रहे थे। 16 अप्रैल को फरीदाबाद में महिला आयोग के सामने पेश होने से पहले ही उनका एक्सीडेंट हो गया। उनकी जगह पल्कित मल्होत्रा के माता-पिता महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणू भाटिया के सामने पेश हुए और कुछ दिन की मोहलत मांगी। रेणू भाटिया ने दोबारा से तारीख दी है।

#### बाइक सवार युवक भी घायल

वहीं हादसे में बाइक सवार चार युवक भी गंभीर घायल हुए हैं। युवकों की पहचान गांव रामपुरा निवासी सावन, कृष, अभिषेक व मयंक के रूप में हुई है। जिनमें से सावन, कृष व अभिषेक को सफीदों के नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया गया।

# ट्रैक्टर ने कार को टक्कर मारी, पुलिसकर्मी की मौत



**खरखौदा।** हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार।

खरखौदा। झरोठ गांव के पास हुई सड़क दुर्घटना में पुलिस के ईएसआई की मौत हो गई। ईएसआई रामनिवास 55 वर्ष निवासी गांव पासौर थाना सदर सोनीपत में ईआरवी बतौर इंचार्ज तैनात था। रात्रि के करीब 11 बजे वह सोनीपत से अपने गांव अपनी वेगनार कार से जा रहा था। जब वह झरोठ गांव के पास पहुंचा तो उनकी कार एक ट्राली से टकरा गई। जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गए। राहगीरों ने घायल अवस्था में उन्हें खरखौदा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करके उन्हें पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। इस दौरान उनके परिजन उन्हें रोहतक के एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बाबा जी गाड़ी के म्ह एसी आग्या, तार ल्यो, पहुंचते ही ताबड़तोड़ फायरिंग, महंत ने भागकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

### भैणी ठाकरापन के बाबा सोपुरी मंदिर के रजाईनाथ के पीठ में लगे छर्रे

- बाबा के भाई से सात साल पहले कर दी गई थी हत्या

गांव भैणी ठाकरापन के बाबा सोपुरी मंदिर में 54 वर्षीय साधू धनराज उर्फ रजाईनाथ पर हमलावरों ने गोली चला दी। बताया जाता है कि गोली पीठ को छूते हुए निकल गई जबकि उसके छर्रे साधु की पीठ में लगे जिससे वह घायल हो गया और आवाजे सुनते ही हमलावर वहां से भाग गए। साधू को पुलिस व एंबुलेंस की सहायता से बवानी खेड़ा नागरिक अस्पताल लाया गया जहां उनका प्राथमिक उपचार करके भिवानी रेफर कर दिया गया। गांव उगालन निवासी एवं मौजूदा गांव भैणी ठाकरान के सौपुरी मंदिर के 54 वर्षीय महंत धनराज उर्फ रजाईनाथ ने बताया कि वह वर्ष 1993 में बाबा बना। लगभग 7-8 वर्ष पहले उसके भाई की हत्या कर दी गई थी और उसके कुछ आरोपी सजा काट रहे हैं। महंत की माने तो उसके पास दो युवक पहली बार आए तो बताया कि उन्हें पीलिया हो गया है और झाड़ा लगवाना है, दूसरी बार आए तो कहा कि मंदिर में एसी लगवा देते हैं। शुक्रवार को दोपहर को एक कार में सवार दो व्यक्ति आए जिसमें एक लगभग 50-55 वर्ष व दूसरा 30-35 वर्ष का था और आते ही कहा कि बाबा जी आपका कार में एसी आ गया है उसे उतार लो। वह जैसे ही झुका एक व्यक्ति ने उस पर पीछे से पीठ पर गोली चला दी। वह बचाव के लिए भाग और पिस्तौल शायद फट गया जिससे उसकी पीठ में छर्रे लगे और वह चिल्लाया और हमलावर वहां से भाग गए। महंत की मानें तो शायद वे कुंगड़ की तरफ स आए और सोरखी मार्ग की तरफ भाग गए। महंत ने बताया कि हमलावर उसे जान से मारने के लिए आए थे। शोर सुनकर वहां लोग एकत्रित हो गए और पुलिस को सूचना दी गई। 112 नंबर वाहन उपनिरीक्षक चरण सिंह व हेड कॉस्टेबल जितेन्द्र सिंह, भूपेन्द्र सिंह मौके पर पहुंचे और उसे बवानीखेड़ा के नागरिक अस्पताल लाया गया जहां उसका उपचार चला।



अस्पताल में उपचाराधीन साधु

#### प्राथमिक उपचार के बाद भिवानी अस्पताल रेफर

इस बारे में नागरिक अस्पताल के चिकित्सक रवि कुमार ने बताया कि प्राथमिक उपचार पश्चात महंत को भिवानी के नागरिक अस्पताल में रेफर कर दिया गया। दूसरी तरफ इस बारे केस के आईओ पवन कुमार ने बताया कि जांच चल रही है। हमलावरों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

# भूमि के लालच में बेटे ने दोस्तों संग पिता पर किया हमला, पिस्तौल तानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

- पिता के दांत तोड़े, लड़के व उसके पांच दोस्तों पर केस दर्ज

जिले के गांव जांडली कलां में जमीन के लालच में एक कलयुगी इकलौते बेटे ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर न केवल अपने पिता की बेरहमी से पिटाई की और पिस्तौल तान दी वहीं पिस्तौल की बट मारकर अपने पिता के दांत भी तोड़ दिए। घायल व्यक्ति को उपचार के लिए भूना के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां से उसे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इस मामले में भूना पुलिस ने घायल व्यक्ति की शिकायत पर उसके लडक़े व 5 दोस्तों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम व अन्य आपराधिक धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। भूना पुलिस को दी शिकायत में गांव जांडली कलां निवासी 56 वर्षीय कुलदीप ने बताया कि उसका एक लडक़ा राजकुमार उर्फ मोनू व दो लड़कियां हैं। उसके पास 15 एकड़ पुश्तैनी जमीन है। उसका बेटा अपने बीवी-बच्चों के साथ अलग रहता है। उसने अपनी जमीन में से 5 एकड़ जमीन अपने लडक़े को बुआई के लिए दे रखी है। कुलदीप ने आरोप लगाया कि 16 अप्रैल की शाम को जब वह अपने खेत में था तो उसी समय उसका लडक़ा राजकुमार उर्फ मोनू अपने पांच दोस्तों के साथ अपनी कार पर सवार होकर आया। आते ही उसके साथ झगड़ा शुरू कर दिया। उसके साथ आए उसके दोस्तों ने थप्पड़ मुक्के मारे। उन्होंने उसे नीचे गिरा दिया। इसके बाद मोनू ने अपने हाथ में लिया पिस्तौल उसके ऊपर तान दिया। उसके अन्य दोस्तों ने कहा कि जमीन नाम करवानी है या नहीं। इसी दौरान एक अन्य लडक़े ने भी पिस्तौल तान दी। उसने डर के मारे कहा कि आज ही जाकर जमीन नाम करवा दूंगा। इतने में उसके बेटे ने पिस्तौल का बट उसके मुंह पर मारा, जिससे उसके दो दांत टूट गए। एक अन्य लडक़े ने आंख पर मुक्का मारा। नीचे गिरे हुए को अन्य लडक़ों ने लात-घुसे मारे। कुलदीप ने आरोप लगाया कि उस समय उसकी जेब में करीब 20 हजार रुपए थे, उसका लडक़ा जबरदस्ती वह भी निकाल कर ले गया। उसी समय सडक़ पर जा रहे उसके रिश्ते में पोते के आने पर आरोपी फरार हो गए।

### क्लब में कंपनी के अधिकारी से मारपीट

गुरुग्राम। सुशांत लोक एरिया में एक क्लब में पार्टी के दौरान हुई कहासुनी के बाद दो युवकों द्वारा कंपनी अधिकारी के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोपी उसे घायल कर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित को उसके बहनोई ने उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में सोनीपत के खरखोदा निवासी ललित राणा ने कहा कि वह गुडग़ांव के सेक्टर-31 में किराये पर रहता है। वह एक कंपनी में सिनियर एसोसियेट मार्किट एण्ड कम्युनिकेशन के पद पर कार्यरत है। बीती 11 अप्रैल को उनके ऑफिस की सेक्टर-42 स्थित एक क्लब में पार्टी थी। इस दौरान क्लब में उनकी लक्ष्य जाखड़, अनुज अवाना और श्रेष्ठ मगो के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिसके बाद क्लब वालों ने उन्हें नीचे उतार दिया। जैसे ही सभी नीचे उतरे तो श्रेष्ठ मगो व लक्ष्य जाखड़ ने ललित पर हमला कर दिया और जान से मरवाने की धमकी दी। आरोपी उसे घायल कर चले गए। इसके बाद ललित ने

# आबकारी विभाग का एईटीओ 15 हजार रुपये रिश्वत लेता गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

- स्टॉक रजिस्टर वापस करने के लिए ले रहा था मंथली

एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने शुक्रवार देर शाम को फतेहाबाद में छापेमारी कर आबकारी विभाग के एईटीओ को एक ठेकेदार से 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ काबू किया है। पकड़े गए एईटीओ का नाम कृष्ण लाल वर्मा है। एंटी करप्शन ब्यूरो के इंस्पैक्टर अजीत सिंह ने बताया कि इस बारे गांव भोडियाखेड़ा निवासी सुधीर ने उन्हें इस बारे शिकायत दी थी। बताया जाता है कि सुधीर का गांव अहरवां में शराब ठेका है। सुधीर ने शिकायत में आरोप लगाया है कि एईटीओ कृष्ण कुमार वर्मा 13 अप्रैल को उसके ठेके पर आया और स्टॉक रजिस्टर ले आया। वह स्टॉक रजिस्टर वापस देने के नाम और मंथली के नाम पर रिश्वत की मांग कर रहा है।

अधिकारी ने उसे शुक्रवार को हुडा सैक्टर स्थित सद्भावना अस्पताल के पास एक भोजनालय पर बुलाया है। इस पर एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने जाल बिछाया और जैसे ही अधिकारी ने ठेकेदार से रिश्वत की राशि ली, टीम ने मौके पर छापेमारी कर उसे रंगे हाथ काबू कर लिया। इंस्पैक्टर अजीत सिंह का कहना है कि आरोपी एईटीओ के खिलाफ नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जा रही है। फतेहाबाद में दो ईटीओ के पद हैं। दोनों ईटीओ के पास 56 सर्किल की जिम्मेदारी है। इन ईटीओ के पास 28-28 सर्किल का जिम्मा है।




### बीडीएस की छात्रा से छेड़छाड़, केस दर्ज

**गुरुग्राम।** सोहना शहर थाना एरिया में एक युवक द्वारा बीडीएस की छात्रा से छेड़छाड़ करने व मारने का प्रयास करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि युवक रेंट ब्रोकर है, उसने छात्रा को एक फ्लैट रेंट पर दिलाया था और अब उसको अश्लील मैसेज करता है और शराब पीकर उसके फ्लैट में आकर छेड़छाड़ करता है। छात्रा के विरोध करने पर आरोपी ने अपनी कार से उसकी बाइक में टक्कर मारने का प्रयास किया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में यूपी के गाजियाबाद निवासी छात्रा ने कहा कि वह सोहना एरिया स्थित एक यूनिवर्सिटी से बीडीएस कर रही है। जिसके लिए उसने एक रेंट ब्रोकर लोकेश सैनी को कमिशन देकर एक फ्लैट लिया था। उसके बाद से ही लोकेश सैनी शराब पीकर उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। वह उसे फोन करके परेशान करने लगा और गंदे मैसेज भेज रहा है।

# 18 वर्षीय बेटी ने लीवर दान कर पिता को दिया नया जीवन


- भारत के पड़ोसी देश भूटान के रहने वाले हैं दोनों

**फरीदाबाद।** बेटियां अपने पापा के दिल के बहुत करीब होती हैं। अगर बेटी पर किसी प्रकार का संकट आ जाए तो पिता बड़ी से बड़ी चुनौती से लड़ने के लिए तैयार हो जाता है। हाल ही में मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स में एक ऐसा मामला आया जहां भूटान देश की मात्र 18 वर्षीय बालिका ने अपने बीमार पिता को बचाने के लिए लिवर दान कर साबित कर दिया है कि जरूरत पड़ने पर बेटियां भी अपने पिता के लिए जिंदगी तक न्योछावर कर सकती हैं।

डॉ. पुनीत सिंगला प्रोग्राम क्लिनिकल डायरेक्टर एवं एचओडी-लिवर ट्रांसप्लांट एवं एचपीबी, मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स ने बताया कि हमारे पास भूटान देश से लिवर फेलियर की समस्या के साथ रमेश (बदला हुआ नाम) नाम का मरीज आया।

लिवर फेलियर के कारण मरीज को पीलिया, पेट में पानी, पैरों में सूजन, कमजोरी और मांसपेशियां कम होना शुरू हो गया था। इस कारण मरीज सामान्य जिंदगी व्यतीत नहीं कर पा रहा था। परेशान होकर मरीज के परिजन ने हमसे लिवर ट्रांसप्लांट के बारे में सलाह ली। ठीक से काउंसलिंग के बाद, परिजन मरीज का ट्रांसप्लांट कराने के लिए तैयार हो गए।

#### डोनर न मिलने पर बेटी जान बचाने आई आगे



डोनर न मिलने पर पिता की जान बचाने के लिए 18 वर्षीय बेटी लिवर दान करने के लिए आगे आई। ट्रांसप्लांट से जुड़ी सभी मेडिकल एवं लीगल औपचारिकताएं पूरी की गई। फिर बेटी के लिवर का एक छोटा सा हिस्सा लेकर पिता का लिवर ट्रांसप्लांट किया गया। ट्रांसप्लांट सफल रहा। डोनर को पहले ही डिस्चार्ज कर दिया। पूरी तरह से स्वस्थ होने पर फिर मरीज को भी जल्दी डिस्चार्ज कर दिया गया। ट्रांसप्लांट के बाद मरीज सामान्य जीवन जी रहा है। ठीक होने पर मरीज को पता चला कि उनकी बेटी ने लिवर देकर उनकी जान बचाई है तो मरीज की आंखों में आंसू आ गए थे।

# साइबर ठग ने झांसा देकर क्रेडिट कार्ड से पांच लाख रुपये निकाले

**गुरुग्राम।** मानेसर साइबर थाना एरिया में जालसाजों ने एक महिला को क्रेडिट कार्ड का बेहतरीन ऑफर देकर लिंक भेजकर महिला के पति के अकाउंट से पांच लाख रुपए निकाल लिए। वहीं शक होने पर बेटे ने महिला का अकाउंट फ्रीज करा दिया, वरना उसके साथ भी ठगी हो जाती। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानछीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-83, वाटिका इंडिया नेक्स्ट सोसाइटी में रहने वाले सुशील कुमार मेहता ने बताया कि 16 अप्रैल को उसकी पत्नी सुखेश मेहता के पास एक कॉल आई। जिसमें कॉलर ने क्रेडिट कार्ड में आकर्षक ऑफर का लालच दिया। जिसके बाद उसने व्हाट्सएप कॉल के जरिए सुखेश से संपर्क किया और एक एपीके फाइल भेजी। आईफोन होने के चलते सुखेश इस फाइल को इंस्टॉल नहीं कर सकी। जिस पर जालसाज ने सुखेश से इस फाईल को घर के किसी अन्य एंड्रॉयड फोन में इंस्टॉल करने के लिए कहा। सुखेश ने अपने पति सुशील का मोबाइल नंबर दिया तो उस पर फाइल भेजकर खोलने को कहा गया। सुखेश ने फाइल खोलने के बाद अपने बेटे को बताया तो उसे शक हुआ और उसने तुरंत पीएनबी में संपर्क करके सुखेश के डेबिट अकाउंट को फ्रीज करा दिया। लेकिन जालसाजों ने 17 अप्रैल 2025 की रात करीत 2.25 बजे, सुशील के अकाउंट से पांच लाख रुपए निकाल लिए। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी।









# 17 साल में 258 मैच : 8,252 रन बनाकर किंग बने कोहली, विकेट लेने में बादशाह हैं चहल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 18 अप्रैल को अपना 18वां जन्मदिन मना रहा है। इस टूर्नामेंट, जिसने क्रिकेट में क्रांति ला दी और खेल के परिदृश्य को हमेशा के लिए बदल दिया। जैसा कि लीग अपने 18वें सीजन में है, विराट कोहली आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। सिर्फ एक फ्रेंचाइजी, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का प्रतिनिधित्व करते हुए कोहली ने 258 मैच में आठ शतक और 58 अर्द्धशतक सहित 8,252 रन बनाए हैं।

लीग की शुरुआत कुछ कम नाटकीय नहीं थी। कोलकाता नाइट राइडर्स के ब्रेंडन मैकुलम ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ सिर्फ 73 गेंद पर दस चौकों और तेरह छक्कों की मदद से अविस्मरणीय 158* रन बनाकर धूम मचा दी थी। उस एक पारी ने क्रिकेट के उत्सव के आगमन की घोषणा कर दी थी।



### दूसरे नंबर पर हैं धवन

कोहली के ठीक पीछे अनुभवी भारतीय ओपनर शिखर धवन हैं, जिन्होंने 222 मैच में 6,769 रन बनाए हैं। कोहली के विपरीत, धवन ने पांच फ्रेंचाइजियों के लिए खेला है। इसमें मुंबई इंडियंस, डेक्कन चार्जर्स, सनराइजर्स हैदराबाद, दिल्ली कैपिटल्स, और पंजाब किंग्स शामिल है।

### रोहित के नाम 6,710 रन

पांच बार आईपीएल जीतने वाले कप्तान रोहित शर्मा 263 मैच में 6,710 रन बनाकर इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने दो टीमों, डेक्कन चार्जर्स और मुंबई इंडियंस के लिए खेला है और दोनों ही टीमों के साथ ट्रॉफी जीती है, जिससे लीग के सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक के रूप में उनकी स्थिति मजबूत हुई है।

### चहल के नाम सर्वाधिक विकेट



गेंदबाजी में बात करें तो युजवेंद्र चहल 166 मैच में 211 विकेट लेकर चार्ट में सबसे आगे हैं। उनका आईपीएल सफर मुंबई इंडियंस के साथ शुरू हुआ, लेकिन वह आरसीबी में ही थे जहां उन्होंने सही मायने में तरक्की की। बाद में, उन्होंने राजस्थान रॉयल्स का प्रतिनिधित्व किया। अनुभवी लेग स्पिनर पीयूष चावला 192 मैच में 192 विकेट लेकर दूसरे स्थान पर हैं। सूची में तीसरे स्थान पर केकेआर के दिग्गज सुनील नरेन हैं। 2012 में फ्रेंचाइजी में शामिल होने के बाद से, नरेन बल्ले और गेंद दोनों से खेल को बदलने वाले खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने 2012 में केकेआर की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी, जब उन्होंने 24 विकेट लिए थे और 2014 में, जब उन्होंने 21 विकेट लिए थे।

खास खबर

## वीर और अनहत ने विश्व स्क्वाश के सेमीफाइनल में बनाई जगह



**कुआलालंपुर।** भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी वीर चोटरानी और अनहत सिंह ने शुक्रवार को यहां अलग अलग अंदाज में अपने मुकाबले जीतकर विश्व चैंपियनशिप क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त चोटरानी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मलेशिया के मोहम्मद सयाफिक कमाल पर 9-11, 11-6, 11-6, 11-7 से जीत दर्ज की। वहीं महिलाओं के क्वार्टर फाइनल में 17 साल की पांचवीं वरीय अनहत ने दबदबे भरा प्रदर्शन करते हुए जापान की अकारी मिडोरिकावा को 11-1, 11-7, 11-5 से मात दी। अब वह शनिवार को होने वाले सेमीफाइनल में आठवीं वरीयता प्राप्त हांगकांग की हेलेन तांग से भिड़ेंगी जिन्होंने भारत की तन्वी खन्ना को शिकस्त दी। तन्वी 5-11, 6-11, 12-10, 9-11 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। खन्ना ने पिछले मैच में हांगकांग की एन चिंग चेंग को हराया था।

## लय में रोहित, जल्द ही खेलेंगे बड़ी पारी



**मुंबई।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज मार्क बाउचर का मानना है कि खराब फॉर्म से जूझ रहे मुंबई इंडियंस के अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा आईपीएल में लय में लौट रहे हैं। रोहित इस सत्र में छह मैचों में अर्धशतक नहीं बना सके। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ गुरुवार को 26 रन का स्कोर उनका सर्वोच्च स्कोर है। मुंबई इंडियंस के पूर्व मुख्य कोच बाउचर ने आईपीएल प्रसारकों से कहा, 'हमने इस मैच में रोहित शर्मा की शैली के बड़े छक्के देखे। मुझे उसके तेवर पसंद आए। उसने गेंदबाजों पर दबाव बनाया और रन बनाने के मौके तलाशे। वह जल्दी ही बड़ी पारी खेलेगा।'

## पेगुला, गाफ की स्टटगार्टओपन में शानदार जीत



**स्टटगार्ट।** तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने मेगडालिनी फ्रेच को 6-1, 6-1 से हराकर पोर्शे ग्रां प्री के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। इस महीने चार्लेसटन ओपन जीतने वाली पेगुला ने पोलैंड की अपनी प्रतिद्वंद्वी को सिर्फ 59 मिनट में हराया। अमेरिका की पेगुला का सामना अब एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा से होगा जिन्होंने छठी वरीयता प्राप्त मिर्रा आंद्रीवा को 6-3, 6-2 से मात दी। चौथी वरीयता प्राप्त कोको गाफ ने एला सीडेल को 6-1, 6-1 से हराया। अब वह पांचवीं वरीयता प्राप्त जैसमीन पाओलिनी से खेलेंगी जिन्होंने जूली नीमीर को 6-1, 7-5 से मात दी।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| दिल्ली | 6 | 5 | 1 | 10 |
| पंजाब | 7 | 5 | 2 | 10 |
| गुजरात | 6 | 4 | 2 | 8 |
| बेंगलुरु | 7 | 4 | 3 | 8 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 |
| कोलकाता | 7 | 3 | 4 | 6 |
| मुंबई | 7 | 3 | 4 | 6 |
| राजस्थान | 7 | 2 | 5 | 4 |
| हैदराबाद | 7 | 2 | 5 | 4 |
| चेन्नई | 7 | 2 | 5 | 4 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
357 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
12 विकेट
चेन्नई

### खबर संक्षेप

#### कठिन विकेटों के अनुकूल ढलना होगा : विटोरी



**मुंबई।** अपने बल्लेबाजों से कठिन पिचों के अनुरुप शैली में बदलाव का आग्रह करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद के कोच डेनियल विटोरी ने कहा कि हर पिच बल्लेबाजों की मददगार नहीं हो सकती और उन्हें अपने खेल में बदलाव करना होगा। मुंबई इंडियंस ने वानखेड़े स्टेडियम पर सनराइजर्स हैदराबाद को चार विकेट से हराया। मुंबई के आफ स्पिनर विल जैक्स ने 14 रन देकर दो विकेट चटकाए। विटोरी ने मैच के बाद कहा, 'मुझे लगता है कि पिच पर किसी का नियंत्रण नहीं है तो यह तकदीर की भी बात है कि हमें ऐसे विकेट मिल रहे हैं जो हमें रास नहीं आ रहे।'

#### श्रियांका 50 मीटर राइफल 3 पोजिशंस से बाहर



**लीमा।** पेरिस ओलंपिक खे चुकी श्रियांका साडंगी आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप के तीसरे दिन महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में आठवें स्थान पर रही। वह विश्व कप व्यक्तिगत वर्ग के फाइनल में जगह बनाने में कामयाब रही लेकिन 45 शॉट के फाइनल में स्टैंडिंग पोजिशन दौर के दस शॉट के बाद बाहर हो गई। पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता अमेरिका की सागेन मडालिना ने स्वर्ण पदक जीता। पुरुषों के थ्री पोजिशंस फाइनल में भारत का कोई भी निशानेबाज फाइनल में नहीं पहुंच सका।

#### आरती ने एशियाई अंडर-18 एथलेटिक्स में दूसरा कांस्य पदक जीता

**नई दिल्ली।** फर्राटा धाविका आरती ने सऊदी अरब के दम्माम में शुक्रवार को लड़कियों की 200 मीटर स्पर्धा में तीसरा स्थान हासिल करते हुए एशियाई अंडर-18 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपना दूसरा कांस्य पदक जीता। इससे पहले बुधवार को लड़कियों की 100 मीटर स्पर्धा में पोडियम पर जगह बनाने वाली भारतीय खिलाड़ी ने 24.31 सेकंड का समय निकालकर यूएई की मरियम करीम (23.99 सेकंड) और जापान की शिबाता मिसाटो (24.16 सेकंड) से पीछे रहीं। इस स्पर्धा में अन्य भारतीय धावक प्रिशा मिश्रा ने 25.16 सेकंड का समय लेकर आठवां स्थान हासिल किया।

### चहल, यानसन, अर्शदीप और बरार को 2-2 विकेट, टिम डेविड की फिफ्टी

# पंजाब ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से आरसीबी को हराया

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

पंजाब किंग्स ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर बारिश से प्रभावित इंडियन प्रीमियर लीग के 14 ओवर के मैच में शुक्रवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को पांच विकेट से हराया। टिम डेविड के शानदार अर्धशतक के बावजूद आरसीबी की टीम नौ विकेट पर 95 रन ही बना सकी। पंजाब किंग्स ने 12.1 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 98 रन बनाकर जीत दर्ज की। पंजाब की यह सात मैचों में पांचवीं जीत है और टीम 10 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गयी। आरसीबी सात मैचों में आठ अंक के साथ चौथे स्थान पर है। पंजाब के लिए नेहल वढेरा ने 19 गेंद की नाबाद पारी में तीन छक्के और इतने ही चौकों की मदद से 33 रन बनाये। हेजलवुड आरसीबी के सबसे सफल गेंदबाज रहे उन्होंने 14 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि भुवनेश्वर कुमार को दो सफलता मिली। बारिश और बूंदाबांदी के कारण मैच सवा दो घंटे की देरी से



रात 9:45 बजे शुरू हुआ और पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने पहले गेंदबाजी करने में संकोच नहीं किया। तेजी से रन बनाने के दबाव और पंजाब किंग्स की चतुर गेंदबाजी के आरसीबी की टीम लगातार अंतराल पर विकेट गंवाते रही। विकेटों के पतन के बीच डेविड ने 26 गेंद की नाबाद पारी में पांच चौके और तीन छक्के जड़ 50 रन बनाये। उन्होंने आखिरी विकेट के लिए हेजलवुड के साथ 14 गेंद में 32 रन की अटूट साझेदारी की। 'प्लेयर ऑफ द मैच' डेविड ने आखिरी ओवर में हरप्रीत बराड़ के खिलाफ हैट्रिक छक्का जड़ टीम के स्कोर को 90 रन के पार पहुंचाया। डेविड के अलावा केवल कप्तान रजत पाटीदार (18 गेंद में 23 रन) ही दहाई के आंकड़े में रन बना सके। पंजाब के लिए अर्शदीप सिंह, मार्को यानसेन, युजवेंद्र चहल और हरप्रीत बराड़ ने दो-दो जबकि जेवियर बार्टलेट ने एक विकेट लिया। चहल और यानसेन काफी किफायती रहे। उन्होंने तीन ओवर में के अपने-अपने कोटे में क्रमशः 11 और 10 रन ही दिये। लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रियांश आर्य (16) ने यश दयाल तो वहीं प्रभसिमरन (13) ने भुवनेश्वर के खिलाफ चौके जड़े। प्रभसिमरन हालांकि भुवनेश्वर की गेंद पर आकाशीय शॉट खेल कर डेविड को कैच दे बैठे। आर्य ने अगले ओवर में हेजलवुड की गेंद को दर्शकों के पास भेजा ने इस अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई ने अतिरिक्त उछाल वाली गेंद पर उन्हें फंसा लिया।

### बादशाहत पर दिल्ली और गुजरात की नजर, मैच आज

**अहमदाबाद।** डैथ ओवरों में गेंदबाजी का मिचेल स्टार्क का हुनर और मोहम्मद सिराज की सटीकता का सामना होगा जब शानदार फॉर्म में चल रही दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस आईपीएल में श्रेष्ठता के मुकाबले में शनिवार को आमने सामने होंगी। कैपिटल्स छह मैचों में दस अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि टाइटंस छह मैचों में आठ अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। राजस्थान रॉयल्स को सुपर ओवर में हराकर दिल्ली के हौसले बुलंद है। दिल्ली ने एक बार फिर दबाव में जीत दर्ज की और उसके शिल्पकार रहे स्टार्क।

### रॉयल्स को जाइंट्स के खिलाफ जीत की जरूरत

**जयपुर।** प्रदर्शन में निरंतरता के लिए जूझ रही राजस्थान रॉयल्स लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में लगातार तीन हार के सिलसिले को तोड़ने के इरादे से उतरेगी। सात मैचों में महज दो जीत के बाद रॉयल्स तालिका में आठवें स्थान पर है। पिछले मैच में उसे दिल्ली कैपिटल्स ने सुपर ओवर में हराया था। रॉयल्स को इस हार को भुलाकर अब ऋषभ पंत की कप्तानी वाली लखनऊ टीम पर जीत के साथ अंकतालिका में अपनी स्थिति बेहतर करनी होगी।

क्रिकेट

## सहायक कोच के लिए पहली पसंद नहीं थे अभिषेक नायर



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय टीम के सहायक कोच अभिषेक नायर को सहयोगी स्टाफ के एक महत्वपूर्ण सदस्य के साथ अनबन की अटकलों के बीच हटा दिया गया है। उनका कार्यकाल महज आठ महीने में समाप्त हो गया। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि नायर पर भारतीय टीम के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खराब प्रदर्शन के कारण यह कार्रवाई हुई है।

ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद हुई बैठक में सहयोगी स्टाफ के एक सदस्य ने अभिषेक नायर की ड्रेसिंग रूम में मौजूदगी पर सवाल खड़े किए थे। समाचार एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, सितांशु कोटक के सहयोगी स्टाफ में शामिल होने के बाद से नायर को बाहर करने की बात चल रही थी। बीसीसीआई से जुड़े सूत्र ने कहा- ऑस्ट्रेलिया दौरे के ठीक बाद बीसीसीआई ने समीक्षा बैठक की। इसमें सचिव देवजीत सैकिया और उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला समेत बोर्ड के शीर्ष अधिकारी मौजूद थे।

साथ ही भारतीय टीम से जुड़े अहम सदस्य और राष्ट्रीय चयनकर्ता भी मौजूद थे। बैठक के दौरान सहयोगी स्टाफ के एक प्रभावशाली सदस्य ने नायर की उपस्थिति को लेकर अपनी आशंकाएं व्यक्त कीं और कहा कि ड्रेसिंग रूम में उनका रहना प्रतिकूल साबित हो रहा है। सूत्र ने आगे कहा, बीसीसीआई ने तत्काल कोई कार्रवाई नहीं की लेकिन उन्होंने सौराष्ट्र के पूर्व रन-संग्रहकर्ता कोटक को शामिल कर लिया। यह चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान नायर को दरकिनार करने का एक तरीका था।

### नायर नहीं थे पहली पसंद

इससे एक चीज साफ है कि अभिषेक नायर बतौर सहायक कोच बीसीसीआई की पहली पसंद नहीं थे। उन्हें मुख्य कोच गौतम गंभीर और कप्तान रोहित शर्मा के बीच दूरियां कम करने के लिए नियुक्त किया गया था। हालांकि, अब तक यह नहीं पता चला है कि रोहित शर्मा को नायर और टी दिलीप को हटाने के फैसले की जानकारी दी गई थी या नहीं।

## गुरुग्राम के गोल्फर तपेंद्र ने जीता कैलेंस ओपन

**नई दिल्ली।** गुरुग्राम के गोल्फर तपेंद्र घई ने कैलेंस ओपन गोल्फ के आखिरी दिन शुक्रवार को यहां इवन-पार 70 के कार्ड खेलकर खिताब अपने नाम किया। इस 29 साल के गोल्फर ने एक करोड़ रुपये वाले इस टूर्नामेंट के तीसरे दौर के बाद चार शॉट की बढ़त बना ली थी। उन्होंने चौथे चरण में पार कार्ड खेलने के बाद कुल 17-अंडर 263 (64-67-62-70) के स्कोर के साथ सप्ताह का समापन किया। उन्होंने कुतुब गोल्फ कोर्स में अंतिम चरण में तीन बर्डी और तीन बोगी लगाई।




यह पीजीटीआई पर 2018 के बाद उनका दूसरा खिताब है। इस जीत से घई को 15 लाख रुपए का चेक मिला जिसने उन्हें पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में 53वें से 15वें स्थान पर पहुंचा दिया। दिल्ली के गोल्फर अर्जुन प्रसाद (67-68-67-62) ने अंतिम दिन सबसे कम आठ अंडर 62 का कार्ड खेला। वह कुल 16 अंडर के स्कोर के साथ 10 स्थान की छलांग लगाकर हनी बैसोया (64-68-65-67) के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। तीसरे दौर में 60 के कार्ड के साथ कोर्स रिकॉर्ड बनाने वाले क्षितिज नावेद कौल ने शुक्रवार को 64 का कार्ड खेला जिससे वह 15 अंडर 265 के स्कोर के साथ चौथे पायदान पर रहे।

# भारत ने एशियाई चैंपियनशिप के लिए भेजा 56 सदस्यीय दल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने जोर्डन के अम्मान में आयोजित होने वाली एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए 56 सदस्यीय दल भेजा है। यह एशियाई मुक्केबाजी द्वारा आयोजित पहली प्रतियोगिता है जिसे एशियाई ओलंपिक परिषद और नवगठित 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' दोनों का समर्थन प्राप्त है।

अंडर-17 लड़कों की टीम में साहिल दुहान और देवांश शामिल हैं जिन्होंने 2024 एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते थे। वहीं टीम में चुने गए टीकम सिंह एसजीएफआई 2024 स्वर्ण पदक विजेता



हैं। लड़कियों के वर्ग में समीक्षा सिंह, अंशिका और खुशी चंद 2024 एशियाई स्कूल मुक्केबाजी चैंपियनशिप (लड़के और लड़कियों की) में पदक विजेताओं में शामिल थीं। अंडर-15 दल में 2024 में एशियाई स्कूल चैंपियनशिप (लड़कों) के कांस्य पदक विजेता रवि सिहाग के साथ-साथ 2024 की सब-जूनियर राष्ट्रीय बालिका मुक्केबाजी चैंपियन (64-67 किग्रा) तृष्णा मोहिते शामिल हैं।

टीम का चयन विश्व मुक्केबाजी द्वारा गठित अंतरिम समिति द्वारा किया गया जिसकी अध्यक्षता भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के पूर्व अध्यक्ष अजय सिंह ने की। शुरूआती दौर शनिवार को शुरू होंगे।

### तीन सीजन में ही घरेलू क्रिकेट और लड़कियों पर साफ दिखने लगा असर

# महिला खिलाड़ियों को सशक्त कर रही डब्लूपीएल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय महिला टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड के पिछले छह साल में महिला क्रिकेट के लिए काफी काम किया है। पुरुषों की इंडियन प्रीमियर लीग की तर्ज पर शुरू हुई महिला प्रीमियर लीग निश्चित रूप से युवा खिलाड़ियों को सशक्त कर रही है।

मंधाना की कप्तानी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने डब्लूपीएल खिताब अपनी झोली में डाला था जो आरसीबी की कैबिनेट में एकमात्र ट्रॉफी है। महाराष्ट्र के सांगली जिले की इस स्टार क्रिकेटर का कहना है कि अभी तो डब्ल्यूपीएल के तीन चरण ही खेले गए हैं लेकिन इसका असर घरेलू क्रिकेट और लड़कियों पर साफ दिखने लगा है। उन्होंने कहा, 'अंडर-19 टीम की



खिलाड़ियों में बड़ा बदलाव आया है, उन्हें इतनी सारी चीजें पता हैं जो हम अपने दिनों में नहीं जानते थे। इसलिए लीग के आने से काफी विकास हुआ है। अब टीवी पर भी महिला क्रिकेट का प्रसारण होता है, सब भारतीय महिला टीम को जानते हैं। बीसीसीआई ने पिछले छह साल में महिला क्रिकेट के लिए बहुत काम किया है।' मंधाना ने दुबई में 'सिटी क्रिकेट अकादमी' के लांच के मौके पर चुनिंदा मीडिया से वर्चुअल बातचीत में कहा, 'पिछले तीन वर्षों में डब्लूपीएल किस तरह से आगे बढ़ा है, इसे देखने के लिए कितनी सारी लड़कियां आ रही हैं, आप स्पष्ट बदलाव देख सकते हैं। छोटी छोटी लड़कियां भी हमारे पास आ रही हैं और वे क्रिकेटर बनना चाहती हैं जो बहुत अच्छी चीज है। काफी माता-पिता अपनी बच्चियों को अकादमी में भेज रहे हैं ताकि वे डब्ल्यूपीएल में खेल सकें।'

### अकादमी शुरू करने की बना रही योजना

मंधाना काफी समय से खुद की अकादमी बनाने पर विचार कर रही थीं लेकिन अपने व्यस्त कार्यक्रम के कारण ऐसा नहीं कर पा रही थीं। फिर इस बारे में असम के पूर्व क्रिकेटर और ब्रिटेन में बसे मशहूर कोच डॉन भगवती से भी उनकी बातचीत हुई जिन्होंने लीस्टर में बहुत साल पहले अपनी अकादमी शुरू की थी। अब दुबई के बाद भगवती की योजना भारत में भी इसी तरह की अकादमी शुरू करने की है। अकादमी में युवा प्रतिभाओं को तराशने में डॉन की पत्नी का अनुभव भी काम आता है जो इंग्लैंड की क्रिकेटर रह चुकी हैं।

## चिंतन

# राष्ट्रपति पर सुप्रीम निर्देश से कार्यक्षेत्र पर बहस तेज

इस देश में आजादी के बाद से ही राज्यपाल का या तो केंद्र के द्वारा दुरूपयोग होता रहा है या राज्यपाल खुद केंद्र के प्रति निष्ठा जताने के लिए अपने पद व अधिकार का दुरूपयोग करते रहे हैं। यह टकराव तब अधिक देखा गया है जब केंद्र व राज्य में अलग-अलग दल की सरकार हो। कई राज्यपाल अपनी संवैधानिक शक्ति से बाहर जाकर काम करते दिखे और एक चुनी हुई सरकार के फैसले पर कुंडली मारकर बैठते दिखे। तमिलनाडु में सरकार बनाम राज्यपाल का मामला ऐसा ही है, जिसमें राज्यपाल ने 12 विधेयकों को लंबे समय तक अटका दिया। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया। विधेयक को लेकर सुप्रीम आदेश में राज्यपाल के साथ राष्ट्रपति के लिए भी समय सीमा निर्धारित किए जाने पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा उठाए गए सवाल के बाद से न्यायपालिका, विधायिका व कार्यपालिका के कार्यक्षेत्र चर्चा में हैं। उच्चतम न्यायालय ने 12 विधेयकों के अटके रहने के तमिलनाडु सरकार बनाम तमिलनाडु राजभवन मामले में संविधान के अनुच्छेद-142 के तहत प्रदत्त अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए निर्देश दिया कि राष्ट्रपति को राज्यपालों द्वारा भेजे गए विधेयकों पर फैसला लेने के लिए एक समय सीमा तय करनी चाहिए। इस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल को लेकर सख्त निर्देश दिया कि विधानसभा से पास विधेयक को राज्यपाल असीमित समय तक नहीं लटका सकते, समय सीमा में उस पर फैसला होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल के लिए एक माह से तीन माह (विशेष परिस्थिति में) का समय निर्धारित किया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने इस मुद्दे पर कहा कि अब राष्ट्रपति को भी समयबद्ध तरीके से काम करने के लिए कहा जा रहा है। ऐसा लगता है कि अब न्यायपालिका एक 'सुपर संसद' की तरह व्यवहार करेगी। इसके बाद से देश में नई बहस तेज हो गई है कि क्या सुप्रीम कोर्ट को अपने विशेष अधिकार का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति के लिए दिशानिर्देश जारी करना चाहिए? राष्ट्रपति सर्वोच्च संवैधानिक पद है, इसलिए न्यायपालिका की ओर से दिशानिर्देश पर सवाल उठाए जा रहे हैं। हालांकि संविधान के अनुच्छेद-142 सुप्रीम कोर्ट को यह शक्ति देता है कि पूर्ण न्याय करने के लिए वह कोई भी निर्देश, आदेश या फैसला दे सकता है, चाहे वह किसी से भी जुड़ा मामला हो। संविधान में कहा गया है कि इस अनुच्छेद की शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ऐसी डिक्री पारित कर सकता है या ऐसा आदेश दे सकता है, जो उसके समक्ष लंबित किसी मामले में पूर्ण न्याय सुनिश्चित करने के लिए जरूरी हो। यह आदेश पूरे देश पर लागू होगा। सुप्रीम कोर्ट ने अपने इसी शक्ति का प्रयोग करते हुए चंडीगढ़ में मेयर चुनाव का पूरा फैसला पलट दिया था। फिर भी राष्ट्रपति पद की गरिमा सुनिश्चित होनी चाहिए। इसका ध्यान लोकतंत्र के सभी स्तंभों को रखना चाहिए। राष्ट्रपति कार्यालय को भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि राज्यपाल राजनीतिक निष्ठा से परे होकर अपने संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन करें। राज्यपाल अगर अपनी शक्तियों को समझकर राज्य के हित में काम करेंगे और विधानसभा से पारित विधेयकों के कानून बनने में अपनी भूमिका निभाएंगे तो टकराव की स्थिति पैदा नहीं होगी और न ही मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचेगा। राज्यपालों की 'केंद्रीय निष्ठा' देश में संघवाद को कमजोर करती है। क्या राज्यपाल संवैधानिक रूप से जवाबदेह नहीं हैं कि आखिर चुनी हुई सरकार को अपनी ही विधानसभा से पारित विधेयक को लागू करने के लिए अदालत का दरवाजा क्यों खटखटाना पड़ रहा है?

# सहकार से समृद्धि का विजन होगा साकार



सहकारी यूनिवर्सिटी
बालासुब्रमण्यम अय्यर

भारत दुनिया के सबसे बड़े सहकारी आंदोलन का घर है, जिसमें 800,000 से ज़्यादा सहकारी समितियां और 287 मिलियन सदस्य शामिल हैं। रोटी, कपड़ा से लेकर मकान तक की जरूरतों के लिए लोगों के दैनिक जीवन में गहराई से समाहित सहकारी समितियां सिर्फ़ आर्थिक संस्थाएं नहीं हैं, वे समुदाय-संचालित विकास, आर्थिक समानता और सामाजिक न्याय की अभिव्यक्ति का प्रतिनिधित्व करती हैं। 2021 में सहकारिता मंत्रालय की स्थापना ने इस क्षेत्र के लिए एक नई राष्ट्रीय प्रतिबद्धता का संकेत दिया, जिसका उद्देश्य इसकी पहुंच का विस्तार करना, इसकी दक्षता में सुधार करना और इसे समावेशी विकास की आधारशिला के रूप में एकीकृत करना है।

भारत के पहले राष्ट्रीय सहकारी विश्वविद्यालय, त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी के लिए विधेयक का संसद में पारित होना भारतीय सहकारी आंदोलन की यात्रा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। इसका 2025 के अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के दौरान संपन्न होना इसके महत्व को और बढ़ाता है। जैसा कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा, यह यूनिवर्सिटी "सहकार से समृद्धि" के दृष्टिकोण को साकार करने में एक शक्तिशाली माध्यम बनने के लिए तैयार है। भारत दुनिया के सबसे बड़े सहकारी आंदोलन का घर है, जिसमें 800,000 से ज़्यादा सहकारी समितियां और 287 मिलियन सदस्य शामिल हैं। रोटी, कपड़ा से लेकर मकान तक की जरूरतों के लिए लोगों के दैनिक जीवन में गहराई से समाहित सहकारी समितियां सिर्फ़ आर्थिक संस्थाएं नहीं हैं, वे समुदाय-संचालित विकास, आर्थिक समानता और सामाजिक न्याय की अभिव्यक्ति का प्रतिनिधित्व करती हैं। 2021 में सहकारिता मंत्रालय की स्थापना ने इस क्षेत्र के लिए एक नई राष्ट्रीय प्रतिबद्धता का संकेत दिया, जिसका उद्देश्य इसकी पहुंच का विस्तार करना, इसकी दक्षता में सुधार करना और इसे समावेशी विकास की आधारशिला के रूप में एकीकृत करना है। सहकारिता मंत्रालय ने सराहनीय कदम उठाए हैं। 67,390 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों को कम्प्यूटरीकृत करने के लिए 2,516 करोड़ रुपये आवंटित करना, 25 से अधिक व्यावसायिक गतिविधियों को करने में पैक्स को सक्षम करने के लिए 32 राज्यों में मॉडल उपनियमों को लागू करना, 2 लाख नई बहुद्देशीय सहकारी समितियां बनाने का लक्ष्य रखना, 1,100 किसान उत्पादक संगठनों को समर्थन देना और 44,000 पैक्स को सामान्य सेवा केंद्रों (सीएससी) में बदलना।

कर प्रोत्साहन, आसान ऋण और विकेंद्रीकृत भंडारण सुविधा सहकारी समितियों की परिचालन क्षमताओं को बढ़ा रहे हैं। बीज, निर्यात और जैविक उत्पादों के लिए तीन नए राष्ट्रीय महासंघों की स्थापना इस बात का संकेत है कि सहकारी समितियों को भारत के विकास के प्रमुख एजेंट के रूप में स्थापित किया जा रहा है परन्तु, अपने विस्तार और पहुंच के बावजूद, सहकारी क्षेत्र में शिक्षा और प्रशिक्षण की अवरचना आंशिक, अविकसित और असमान रूप से वितरित है। प्रबंधकीय और प्रशासनिक से लेकर तकनीकी और परिचालन तक योग्य पेशेवरों की मांग आपूर्ति से कहीं अधिक है। मौजूदा कर्मचारियों और बोर्ड के सदस्यों की क्षमता निर्माण में निवेश करने की आवश्यकता भी महत्वपूर्ण है। इन कर्मचारियों में से कई के पास नियमित प्रशिक्षण या शिक्षा के अवसरों तक पहुंच नहीं है। मानकीकृत पाठ्यक्रम, गुणवत्ता आश्वासन और संस्थागत सामंजस्य के बिना, यह क्षेत्र अपनी क्षमता का पूरी तरह से लाभ नहीं ले सकता है या अपने विकास को बनाए नहीं रख सकता है। सहकारी आंदोलन में नई और युवा पीढ़ियों को आकर्षित करने की भी सख्त जरूरत है। ऐसे व्यक्ति जो न केवल पेशेवर हों बल्कि सहकारी मूल्यों से प्रेरित हों और क्षेत्र में नवाचार करने के लिए आतुर हों। यहां, त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी एक परिवर्तनकारी भूमिका निभा सकता है: शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान के लिए एक केंद्र के रूप में सेवा करके जो नई पीढ़ी के सहकारी नेताओं को



बढ़ावा देते हुए सभी स्तरों पर उनकी क्षमता का निर्माण कर सकेगा। अमूल मॉडल के वास्तुकार, दूरदर्शी त्रिभुवनदास पटेल के नाम पर और भारत की डेयरी सहकारी क्रांति के उद्गम स्थल आनंद में स्थित यह यूनिवर्सिटी एक प्रतीकात्मक श्रद्धांजलि है, साथ ही यह एक रणनीतिक हस्तक्षेप भी है। ग्रामीण प्रबंधन संस्थान आनंद का चयन - एक ऐसा संस्थान जिसने दशकों से सहकारी प्रबंधन शिक्षा में अग्रणी भूमिका निभाई है, इस यूनिवर्सिटी की नींव के रूप में व्यावहारिक और प्रेरणादायक दोनों है। यह यूनिवर्सिटी सहकारी उद्यमों की चुनौतियों और अवसरों का समाधान करने के लिए सुसज्जित पेशेवरों को तैयार करने की एक मजबूत विरासत का निर्माण करेगी। यूनिवर्सिटी का विज़न सिर्फ़ औपचारिक प्रबंधन डिग्री तक सीमित न होकर काफी विस्तृत है। यह प्राथमिक और माध्यमिक सहकारी समितियों के बोर्ड सदस्यों, सहकारी क्षेत्र में कार्य कर रहे कर्मचारियों, और नैतिक, सस्टेनेबल और समावेशी व्यवसाय मॉडल में रुचि रखने वाले युवाओं की नई पीढ़ी तक अपनी पहुंच बढ़ाएगा। इसके लिए, यूनिवर्सिटी लचीले शिक्षण मॉड्यूल, प्रमाणन कार्यक्रम, डिग्री कार्यक्रम, डिजिटल पहुंच प्रदान करेगा और क्षेत्र-आधारित ऐसे शोध का जरिया बनेगा, जिनसे स्व-सहायता, लोकतांत्रिक नियंत्रण और पारस्परिक जिम्मेदारी के सहकारी मूल्यों का लाभ सभी को मिल सकेगा। त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी एक राष्ट्रीय ज्ञान मंच के रूप में भी काम कर सकता है, हितधारकों के बीच संवाद को सुविधाजनक बना सकता है, साक्ष्य-आधारित नीतिगत अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकता है और ग्रामीण वास्तविकताओं के अनुरूप नवाचारों का समर्थन कर सकता है। डेयरी, ऋण, आवास, मत्स्य पालन, कपड़ा जैसे विविध सहकारी परिदृश्य में, विश्वविद्यालय एक ऐसे केन्द्र के रूप में विकसित होगा जहां, शिक्षा, नीति निर्माता और सहकारिता से जुड़े विशेषज्ञ उन्नयन के नये पथ ईजाद कर सकेंगे। वैश्विक स्तर पर, सहकारी शिक्षा सहकारी आंदोलनों की सफलता का आधार रही है। 1844 में रोशडेल पायनियर्स के समय से ही, आचरण के मूल नियमों में मुनाफे का एक हिस्सा शिक्षा के लिए आवंटित करना शामिल था। पांचवां सहकारी सिद्धांत - शिक्षा, प्रशिक्षण और सूचना - आंदोलन का एक मुख्य स्तंभ बना हुआ है, जो यह सुनिश्चित करता है कि सदस्य, नेता और समुदाय सहकारी मॉडल को समझें और उसका पालन करें। यह गहरी जड़ें जमाए बैठी शैक्षिक परंपरा ही है जो सहकारी शासन को बनाए रखती है, नवाचार को बढ़ावा देती है और जवाबदेही को मजबूत करती है। इस संदर्भ में, त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी केवल एक शैक्षणिक संस्थान से कहीं अधिक होगा, यह सहकारी विकास के लिए एक राष्ट्रीय और वैश्विक ज्ञान केंद्र बन सकता है, एक ऐसा स्थान, जहां प्रयोग और नीति का संगम हो और जहां नेतृत्व सीख से प्रेरित हो। नई दिल्ली में आयोजित आईसीए वैश्विक सहकारी सम्मेलन 2024 में, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत से सहकारी समितियों को एकजुट करने, साझा मंच बनाने, आम चुनौतियों से निपटने और सामूहिक रूप से आगे का रास्ता तय करने में वैश्विक दक्षिण का नेतृत्व करने का आह्वान किया। भारत का सहकारी आंदोलन और अब इसका पहला सहकारी विश्वविद्यालय न केवल प्रेरणा बल्कि दिशा भी प्रदान करता है। नींव रखी जा चुकी है, अब समय आ गया है कि एक ऐसा संस्थान बनाया जाए जो उस दृष्टिकोण के योग्य हो जिसका वह प्रतिनिधित्व करता है, एक ऐसा संस्थान जो आने वाली पीढ़ियों को सहकारिता की अविनाशी शक्ति के माध्यम से शिक्षित, सशक्त और ऊर्जावान बनाएगा और यह सुनिश्चित करेगा कि सहकारी समितियां सभी के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण करें।

(लेखक क्षेत्रीय निदेशक, इंटरनेशनल कोऑपरेटिव एलायंस एशिया एंड पैसिफिक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## मनोदशा

डॉ. मोनिका शर्मा




# भटकते किशोरमन को थामना जरूरी

इन दिनों खूब चर्चा पा रही मात्र चार एपिसोड की वेब सीरीज 'एडोलेसेंस' ने किशोर मन की दिशाहीनता को लेकर वैश्विक स्तर पर बड़ी चर्चा छेड़ दी है। वर्चुअल दुनिया की सामग्री से गुमराह होते मन से लेकर असल जीवन की उलझनों तक, बड़े होते बच्चों के बहकते मन को सामने रखती यह सीरीज पूरे परिवेश को कटघरे में खड़ा करती है। अभिभावकों संग संवाद की कमी हो या अनजान चेहरों के वर्चुअल कमेंट्स, किशोर बच्चों की मनःस्थिति को आपराधिक गतिविधियों की ओर मोड़ने वाली कड़वी सच्चाई को सामने रखती है। तकनीकी विस्तार और अपने-अपने कोने तक सिमटते जीवन के इस दौर में यह सीरिज जरूरी प्रश्न उठाती बल्कि भविष्य को लेकर चेताती भी है। यौनिक विकास के मोर्चे पर उलझता किशोरमन और वर्चुअल दुनिया में इससे जुड़े ताने-उलहाने मिलने से उपजी कुंठा समाज के भावी नागरिकों को कितना दिशाहीन कर सकती है? स्वयं को कमतर आंकने का मनोविज्ञान एवं कटुतापूर्ण परिवेश से टॉक्सिक सोच का ऐसा स्याह घेरा भी बना सकता है कि किशोर बच्चे किसी की जान लेने या अपनी जान देने जैसा कदम उठाने लगें। सबसे अहम बात जो यह सीरीज समझाती है वह यह कि स्मार्ट गैजेट्स के साथ बड़े हो रहे बच्चे बंद कमरे में भी अकेले नहीं होते। अपनों से अलग-थलग समय बिताते हुए पूरी दुनिया से जुड़े रहते हैं। अपने ही घर के एक हिस्से में मौजूद होने के बावजूद सुरक्षित नहीं रहते। स्क्रीन और सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से पूरा संसार उनके साथ रहता है। आमजीवन में चुप से रहने वाले किशोरों का परिचितों-अपरिचितों से हर तरह का संवाद होता है, जिसके चलते किशोर वर्चुअल संसार में भी बुलीइंग का शिकार बनते हैं। अपराध का रास्ता पकड़ने की दिशाहीन सोच आ जाती है। अपशब्द, नकारात्मक टीका-टिप्पणियां और अपेक्षाओं-उपेक्षाओं का एक अनदेखा घेरा बन जाता है। दुखद है कि सोशल मीडिया और वास्तविक संसार की बदलती रूपरेखा के बीच किशोर आक्रोश और अहंकार के शिकार हो रहे हैं। शारीरिक बदलावों और भावनात्मक उलझनों के इस पड़ाव में कहीं मर्दानगी की अजब-गजब परिभाषा सीख रहे हैं तो कहीं बदला लेने की विकृत मानसिकता से घिर रहे हैं। दरअसल, किशोरावस्था को मौज-मस्ती और मन का करने की उम्र मान लिया जाता है। अपने आप में खोये रहने वाली उम्र का पड़ाव समझा जाता है। ना तो छोटा बच्चा समझकर दिया जाने वाला संबल मिलता है और ना ही समझदार होने के आयुवर्ग में आने का स्वागत। ऐसे में मासूमियत भरे बचपने से समझ भरी उम्र की ओर बढ़ता किशोर-किशोरियों का दिलों-दिमाग कई उलझनों से जूझता है। ऊर्जा भरे इस पड़ाव पर भी अकेलापन और अवसाद तक घेरने लगता है। किशोरावस्था शब्द लैटिन शब्द 'एडोलेसयर' से बना है, जिसका अर्थ है 'परिपक्व होने के लिए बढ़ना'। समझदारी के पड़ाव की ओर बढ़ते '12 से 18 साल' के बच्चे किशोर माने जाते हैं। उम्र के इस दौर में सबसे ज्यादा जरूरत बड़ों के साथ सार्थक संवाद की होती है। किशोरों के लिए कई विषयों पर अपनों से कुछ कहना मुश्किल होता है, तो कई बार बड़े-बुजुर्गों के कहे को समझना भी कठिन लगता है। ऐसे में अभिभावकों द्वारा उनके बदलते मन को समझने के प्रयास आवश्यक हो जाते हैं। प्रत्यक्ष रूप से उनकी निर्भरता कम दिखती है पर इस आयुवर्ग में भी बहुत सी बातों से उलझता उनका मन अभिभावकों की ओर ही देखता है। चाइल्ड माइंड इंस्टीट्यूट के मुताबिक एंगजाइटी, बचपन और किशोरावस्था में सबसे आम मानसिक स्वास्थ्य विकार है। करीब 31.9 प्रतिशत लोग 18 साल की उम्र तक किसी न किसी तरह की फिक्र से जूझते हैं। बदलावों की इस उम्र में बहुत सी बातों को लेकर घबराहट भी होती है। सोशल मीडिया ने हमउम्र दोस्तों और सहपाठियों से तुलना के भाव को और बढ़ाया है। बच्चे शारीरिक बनावट से लेकर करीबी दोस्ती के मामले तक में एक-दूसरे से तुलना करने लगते हैं। शारीरिक मानसिक बदलाव भटकाव लाने वाले होते हैं। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के मुताबिक आज 44 फीसदी स्कूली बच्चे तनाव और अवसाद का शिकार हैं। स्पष्ट है कि अकादमिक दबाव के अलावा किशोरों का मन आभासी दबाव भी झेल रहा है। यथार्थ से दूर वर्चुअल दुनिया में समय बिताते हुए नई तरह की मानसिक परेशानियों में फंस रहे हैं। ऐसे हालातों में जीवन से जुड़े हर पक्ष पर संवाद करना आवश्यक है। अपनी उलझनें कह देने का भरोसा देना जरूरी है। बातचीत के लिए सहज परिवेश और खुलापन न मिलने से किशोर बच्चों की मनःस्थिति भटकाव का शिकार हो जाती है।

(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# क्रियायोग: अधिक विकसित होगी नई पीढ़ी



संकलित

दर्शन

सभी मनुष्य वस्तुतः आत्माएं ही हैं। आपके लिए मात्र जन्म के आधार पर ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं है। जिन्हें हम 'नौजवान व्यक्ति' कहते हैं, वे पुरानी आत्माएं हैं और वे प्रत्येक मनुष्य में अंतर्जात कामनाओं-सुख, सुरक्षा, प्रेम इत्यादि कामनाओं को पूर्ण करने के लिए हर प्रकार के प्रयासों और आकांक्षाओं से गुजर चुकी हैं। उन्होंने उस (पूर्ति) को प्राप्त करने के प्रयास में अनेक जन्म व्यतीत किए हैं और अंततः वे यहां आए हैं तथा जिन लोगों ने जन्म लिया है, उनमें से लाखों लोग अपने पूर्वजन्मों से विकास के उस चरण में हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीकृष्ण इस विषय पर प्रकाश डालते हैं। वे अर्जुन से कहते हैं, 'यदि अंतिम लक्ष्य को प्राप्त किए बिना तुम्हारे इस जीवन का अंत हो जाता है तो चिंता मत करो, क्योंकि योग-ध्यान का कोई भी प्रयास व्यर्थ नहीं होता है।' तत्पश्चात उस भक्त का एक ऐसे वातावरण में पुनर्जन्म होता है, जहां वह पुनः अपनी आगे की यात्रा प्रारंभ करता है। इसलिए जिन्हें आप 'नौजवान व्यक्ति' कह रहे हैं, वे ज्ञानीजन हैं। वे संभवतः ऐसे युद्धरत आत्माएं हैं, जो हर प्रकार के अनुभव से गुजर चुके हैं और जिनकी चेतना इस प्रकार की है कि उन्होंने विभिन्न परिस्थितियों में हर तरह के कार्य किए हैं। वे पुनः लौटकर आते हैं और कहते हैं, 'अब मैं अपना और अधिक समय व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं अपने और अधिक जन्मों को व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं वह कार्य करूंगा, जो वास्तव में मेरे आत्मा की क्षमताओं और मेरे आत्मा में विद्यमान उस दिव्य संपर्क की तृष्णा की पूर्ति करेगा।'

# क्या भगवान का अस्तित्व है?



संकलित

प्रेरणा

एक बार एक व्यक्ति नाई की दुकान पर अपने बाल कटवाने गया। तभी नाई ने कहाः मैं भगवान के अस्तित्व को नहीं मानता और इसीलिए तुम मुझे नास्तिक भी कह सकते हो। तुम ऐसा क्यों कह रहे हो व्यक्ति ने पूछा। नाई ने कहाः बाहर जब तुम सड़क पर जाओगे तो तुम समझ जाओगे कि भगवान का अस्तित्व नहीं है। अगर भगवान होते, तो क्या इतने सारे लोग भूखे मरते? क्या इतने सारे लोग बीमार होते? व्यक्ति ने थोड़ा सोचा लेकिन वह वाद-विवाद नहीं करना चाहता था। नाई ने अपना काम खत्म किया और वह व्यक्ति नाई को पैसे देकर दुकान से बाहर आ गया। वह जैसे ही नाई की दुकान से निकला, उसने सड़क पर एक लम्बे-घने बालों वाले एक व्यक्ति को देखा जिसकी दाढ़ी भी बढ़ी हुई थी और ऐसा लगता था शायद उसने कई महीनों तक अपने बाल नहीं कटवाए थे। वह व्यक्ति वापस मुड़कर नाई की दुकान में दुबारा घुसा और उसने नाई से कहाः क्या तुम्हें पता है? नाइयों का अस्तित्व नहीं होता। नाई ने कहाः तुम कैसी बेकार बातें कर रहे हो? क्या तुम्हे मैं दिखाई नहीं दे रहा? मैं यहाँ हूँ और मैं एक नाई हूं। और मैंने अभी अभी तुम्हारे बाल काटे है। व्यक्ति ने कहाः नहीं! नाई नहीं होते हैं। अगर होते तो क्या बाहर उस व्यक्ति के जैसे कोई भी लम्बे बाल व बढ़ी हुई दाढ़ी वाला होता? नाई ने कहाः अगर वह व्यक्ति किसी नाई के पास बाल कटवाने जाएगा ही नहीं तो नाई कैसे उसके बाल काटेगा?

## अंतर्मन





## आज की पाती

### कब रुकेगा प्राइवेट स्कूलों के शिक्षकों का शोषण?

बाहर से देखो तो प्राइवेट स्कूल किसी फाइव स्टार होटल से कम नहीं लगते। एसी क्लासरूम, हाईटेक बोर्ड, इंग्लिश बोलते बच्चे और व्हाइट-ग्लव्स पहने बस अटेंडेंट्स। लेकिन अंदर झांको, वहां एक मास्टर साहब बैठा है, जो न वक्त पर चाय पी सकता है, न लंच कर सकता है। जो बच्चा होमवर्क न करे, उसकी शिकायत आए तो मास्टर की क्लास लगती है। जो बच्चा एग्ज़ाम में फेल हो जाए, तो मैनेजमेंट पूछता है- क्यों पढ़ाया नहीं ढंग से। तनख्वाह जो कागज़ पर है, जेब में नहीं। प्राइवेट स्कूलों में सैलरी का सिस्टम इतना गोपनीय है कि सीक्रेट एजेंसियां भी शरमा जाएं। – **प्रियंक शर्मा**, बिलासपुर

## ट्रेंड

### हर भारतीय को बधाई



गीता और नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के विश्व स्मृति रजिस्टर में शामिल करने पर हर भारतीय को बधाई। ये शास्त्र भारत के प्राचीन ज्ञान को दर्शाते हैं, जिसने अनादि काल से जीवन को अधिक सुंदर बनाने का प्रकाश दिखाया है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### विश्व विरासत दिवस



विश्व विरासत दिवस हमें अपनी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत पर गर्व करने के साथ-साथ उसके संरक्षण का संकल्प लेने की प्रेरणा देता है। आइए, हम सभी अमूल्य धरोहरों को संजोने और सुरक्षित रखने में अपनी भागीदारी निभाएं।

- रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### राजनीतिक हथकंडों से बचें



सपा दलितों के वोटों के स्वार्थ की खातिर यहाँ किसी भी हद तक जा सकती है। अतः दलितों के साथ-साथ अन्य पिछड़ों व मुस्लिम समाज आदि को भी इनके किसी भी उग्र बहकावे में नहीं आकर इन्हें इस पार्टी के भी राजनीतिक हथकंडों का शिकार होने से ज़रूर बचना चाहिए।

- मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### कठोर कार्रवाई करें




सिविल मामले को क्रिमिनल बनाकर पेश करना पुलिस के द्वारा क़ानून को तोड़ना है, इसके लिए आर्थिक दंड नहीं निलंबन करके कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

## करंट अफेयर

# बुद्ध के दंत 16 वर्षों बाद श्रीलंका में दर्शन के लिए

**कोलंबो।** भगवान बुद्ध के पवित्र दंत अवशेष को 16 साल के अंतराल के बाद शुक्रवार को श्रीलंका के केंद्रीय शहर कैंडी में आम लोगों के दर्शन के लिए रखा गया। यह जानकारी एक आधिकारिक बयान से मिली। श्रीलंकाई राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि यह आयोजन 10 दिनों तक 27 अप्रैल तक जारी रहेगा तथा आम लोग अवशेष स्थानीय समयानुसार दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक देख सकते हैं। बयान के अनुसार, भारत सहित 17 देशों के राजदूतों के लिए एक विशेष व्यवस्था के तहत कैंडी तक उनके लिए ट्रेन से यात्रा का इंतजाम किया गया है। कैंडी स्थित पवित्र दंत मंदिर के वरिष्ठ भिक्षु महावेला रत्नपाल ने संवाददाताओं को बताया कि हजारों बौद्ध श्रद्धालुओं के इस अवशेष का दर्शन करने के लिए आने की उम्मीद है। यह दंत अवशेष इस द्वीपीय देश श्रीलंका के 74 प्रतिशत सिंहली बौद्ध बहुसंख्यकों के लिए विशेष आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व रखता है। रत्नपाल ने कहा, ''हजारों लोग दो दिन पहले से मंदिर तक पहुंचने वाले तीनों मार्गों पर कतार में खड़े हैं।'' ऐतिहासिक अभिलेखों के अनुसार, यह दंत अवशेष 1590 में कैंडी लाया गया था।



## ऑफ बीट

# इंडोर प्लांट का उपयोग दवा और खाना पकाने में होता था



हजारों वर्षों से लोग घरों के भीतर पौधे उगाते आ रहे हैं। साक्ष्यों से पता चलता है कि मिस्र के लोग तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व में पौधों को घर के अंदर लाए थे। पोम्पेई के पूर्व शहर के अवशेषों से पता चलता है कि 2,000 साल से भी पहले वहां 'इनडोर प्लांट्स' का इस्तेमाल किया जाता था और मध्ययुगीन इंग्लैंड में 'इनडोर प्लांट्स' का उपयोग दवा और खाना पकाने में किया जाता था। बीसवीं सदी के उत्तरार्ध में इनडोर प्लांट्स' को रखना दुनियाभर में व्यापक हो गया। यह प्रथा विशेष रूप से कोविड-19 महामारी के दौरान काफी लोकप्रिय थी, संभवतः प्रकृति से जुड़ने की इच्छा के कारण, जब बाहरी हरित स्थानों तक पहुंच सीमित थी। 'इनडोर प्लांट्स' के लाभ प्रकृति से जुड़ाव से कहीं बढ़कर हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि वे सकारात्मक भावनाओं को बढ़ा सकते हैं, तनाव को कम कर सकते हैं, उत्पादकता बढ़ा सकते हैं और यहां तक कि दर्द जैसी शारीरिक परेशानी को भी कम कर सकते हैं। हालांकि, लोगों का अपने पौधों से जुड़ाव का स्तर अलग-अलग होता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### गुड फ्राइडे दयालुता के लिए प्रेरित करता है



**नई दिल्ली।** गुड फ्राइडे ईसाई धर्म के प्रमुख त्योहारों में से एक है। इसी दिन ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया था। पीएम नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को शांति, करुणा और भाईचारे का संदेश दिया। मोदी ने लिखा, गुड फ्राइडे के दिन हम ईसा मसीह के बलिदान को याद करते हैं। यह दयालुता, करुणा और हमेशा उदार हृदय रखने की प्रेरणा देता है।

### सिद्धारमैया रोहित वेमुला अधिनियम लागू करें



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को पत्र लिखकर रोहित वेमुला एक्ट नाम से एक कानून बनाने का आग्रह किया है, यह सुनिश्चित हो कि शिक्षा प्रणाली में किसी को भी जाति-आधारित भेदभाव का सामना न करना पड़े।

### नासिक में धर्मस्थल गिराने पर मांगी रिपोर्ट



**नासिक।** यहां धार्मिक स्थल को नगर निगम ने ध्वस्त कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने नगर निगम के नोटिस पर अंतरिम रोक लगाई। याचिका को सूचीबद्ध न करने बॉम्बे हाईकोर्ट से रिपोर्ट से मांगी है। नगर निगम ने 15-16 अप्रैल की रात को काठे गली इलाके में अनधिकृत सतपीर बाबा दरगाह को हटा दिया था।

---

पीड़ितों से मिलेंगे, प्रभावित क्षेत्र से प्राप्त रिपोर्ट की पुष्टि करेंगे

# पश्चिम बंगाल के राज्यपाल हिंसा पीड़ितों से मिलने मालदा पहुंचे

ममता बनर्जी ने दौरा टालने का किया था अनुरोध, विश्व हिंदू परिषद का आज देशभर में प्रदर्शन



विश्व हिंदू परिषद हिंसा को लेकर पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग कर रही है। वीएचपी कार्यकर्ता शनिवार को पूरे देश में विरोध प्रदर्शन करेंगे।

अस्पतालों, पीड़ितों के आवासों और राहत शिविरों का दौरा करेंगे

प्रदर्शनों के दौरान भड़की साम्प्रदायिक हिंसा में तीन लोगों की हुई थी मौत

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस मुर्शिदाबाद में साम्प्रदायिक हिंसा भड़कने के कारण अपना घर-बार छोड़कर पलायन करने वाले पीड़ितों से मिलने के लिए शुक्रवार को पड़ोसी मालदा जिला पहुंचे। हालांकि, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उनसे अपना दौरा टालने का अनुरोध किया था। बोस ने मालदा के लिए ट्रेन में सवार होने से पहले कोलकाता में संवाददाताओं से कहा, ''मैं (हिंसा प्रभावित) क्षेत्र में जा रहा हूं।'' उन्होंने कहा, ''मैं पीड़ितों से मिलूंगा, हिंसा प्रभावित क्षेत्र से प्राप्त रिपोर्ट की पुष्टि करूंगा, अस्पतालों, पीड़ितों के आवासों और राहत शिविरों का दौरा करूंगा। राज्य पुलिस और केंद्रीय बल साथ मिलकर काम कर रहे हैं तथा स्थिति जल्द ही सामान्य हो जाएगी। दौरे के बाद, मैं अपनी सिफारिशें भेजूंगा।'' मालदा पहुंचने पर बोस ने कहा, ''शिविरों में, मैं पीड़ितों की शिकायतें सुनूंगा, उनकी जरूरतें जानने की कोशिश करूंगा और उनका निवारण करने के लिए सक्रियता से कदम उठाऊंगा।'' राजभवन सूत्रों ने संकेत दिया कि बोस शनिवार को मुर्शिदाबाद का दौरा कर सकते हैं। मुर्शिदाबाद जिले के शमशेरगंज, सुती, धुलियान और जंगीपुर इलाकों में, वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ 11 और 12 अप्रैल को हुए प्रदर्शनों के दौरान भड़की साम्प्रदायिक हिंसा में तीन लोगों की मौत हो गई थी।



### एनसीडब्ल्यू प्रमुख महिलाओं से मुलाकात करेंगी

*राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने कहा कि वह और आयोग की अन्य सदस्य दंगा प्रभावित मुर्शिदाबाद जिले का अगले कुछ दिनों में दौरा कर प्रभावित महिलाओं से मुलाकात करेंगी। रहाटकर ने बृहस्पतिवार को कोलकाता हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद संवाददाताओं से कहा कि आयोग ने 11 और 12 अप्रैल को मुर्शिदाबाद के कुछ स्थानों पर निर्दोष लोगों के खिलाफ हुई हिंसा का स्वतः संज्ञान लिया है और इसकी जांच के लिए जांच समिति गठित की है। उन्होंने कहा, ''हम मुर्शिदाबाद के कुछ हिस्सों में हिंसा प्रभावित महिलाओं से विस्तार से बातचीत करेंगे। अर्चना मजूमदार समेत आयोग की अन्य सदस्य भी मेरे साथ होंगी।'*

### सीएए, तीन तलाक और वक्फ कानून को लेकर केवल बंगाल में हिंसा हुई : विहिप

*विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने कहा है कि वह शनिवार को देशव्यापी प्रदर्शन कर मुर्शिदाबाद जिले में सांप्रदायिक हिंसा को लेकर पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग करेगी। विहिप के अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि देशभर के हर जिला मुख्यालय में संगठन के सदस्य और समर्थक मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा के विरोध में धरना देंगे। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा, ''हम जिलाधिकारियों को ज्ञापन देकर मांग करेंगे कि केंद्र सरकार पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने पर विचार करे।'' कुमार ने दावा किया कि संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए), 'तीन तलाक' और वक्फ (संशोधन) अधिनियम जैसे कई मुद्दों पर हिंसक विरोध केवल पश्चिम बंगाल में हुआ, किसी अन्य राज्य में नहीं। उन्होंने कहा, ''यह गंभीर चिंता का विषय है कि ऐसी हिंसा केवल पश्चिम बंगाल में ही होती है।'*

### तृणमूल ने सांसद पठान से हिंसा प्रभावित जिले का दौरा करने को कहा

पश्चिम बंगाल के हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद से बहरामपुर के सांसद यूसुफ पठान की अनुपस्थिति को लेकर विपक्ष की आलोचना के बीच तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेताओं ने शुक्रवार को कहा कि वे फोन पर उनसे संपर्क में हैं और उनसे जल्द ही जिले का दौरा करने का आग्रह किया है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि जिला तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व पिछले सप्ताह सांप्रदायिक झड़पों के दौरान बहरामपुर के सांसद के मुर्शिदाबाद न जाने से ''नाखुश'' है। जिला इकाई के एक वर्ग का कहना है कि पार्टी ने एक 'सेलिब्रिटी' को उम्मीदवार बनाकर गलती की, जो संकट के दौरान अनुपस्थित रहा और जो जमीनी कार्यकर्ताओं से दूर रहता है।

---

# लोकसभा अध्यक्ष एवं राज्यसभा के सभापति किसी पार्टी के प्रवक्ता नहीं हो सकते : कपिल सिब्बल



*विपक्ष और सत्तारूढ़ दल के बीच समान दूरी बनाए रखनी चाहिए*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा न्यायपालिका को लेकर की गई टिप्पणियों की आलोचना करते हुए शुक्रवार को कहा कि यह ''असंवैधानिक'' है और राज्यसभा के किसी सभापति को कभी भी इस तरह का ''राजनीतिक बयान'' देते नहीं देखा गया था। सिब्बल ने यह भी कहा कि लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा सभापति विपक्ष और सत्तारूढ़ दल के बीच समान दूरी बनाए रखते हैं और वे ''पार्टी प्रवक्ता'' नहीं हो सकते। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''हर कोई जानता है कि लोकसभा अध्यक्ष की कुर्सी बीच में होती है। वह सदन के अध्यक्ष होते हैं, किसी एक पार्टी के अध्यक्ष नहीं। वे भी वोट नहीं करते हैं, वे केवल तब वोट करते हैं जब बराबरी होती है।

### आसन की गरिमा कम हो जाती है

सिब्बल का कहना था, ''आप जो कुछ भी कहते हैं वह समान दूरी बनाए रखने वाली होनी चाहिए। कोई भी वक्ता किसी पार्टी का प्रवक्ता नहीं हो सकता। मैं यह नहीं कहता कि वह (धनखड़) हैं, लेकिन सैद्धांतिक रूप में कोई भी अध्यक्ष किसी भी पार्टी का प्रवक्ता नहीं हो सकता। अगर ऐसा लगता है तो आसन की गरिमा कम हो जाती है।'' राज्यसभा के सभापति धनखड़ ने राष्ट्रपति के निर्णय लेने के लिए न्यायपालिका द्वारा समयसीमा निर्धारित करने और 'सुपर संसद' के रूप में कार्य करने को लेकर बृहस्पतिवार को सवाल उठाते हुए कहा था कि उच्चतम न्यायालय लोकतांत्रिक ताकतों पर 'परमाणु मिसाइल' नहीं दाग सकता।

# फेरबदल के तहत अरविंद श्रीवास्तव को राजस्व सचिव नियुक्त किया गया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की ओर से शुक्रवार को शीर्ष स्तर पर किये गये फेरबदल के तहत वरिष्ठ नौकरशाह अरविंद श्रीवास्तव को नया राजस्व सचिव नियुक्त किया गया है। वर्ष 1994 बैच के कर्नाटक कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी श्रीवास्तव वर्तमान में प्रधानमंत्री कार्यालय में अतिरिक्त सचिव के पद पर कार्यरत हैं। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश में कहा गया है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग में सचिव के रूप में श्रीवास्तव की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। इसमें कहा गया है कि नागरिक उड्डयन सचिव वुमलुनमंग वुअलनम को व्यय विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है। वह मनोज गोविल का स्थान लेंगे, जिन्हें कैबिनेट सचिवालय में सचिव (समन्वय) नियुक्त किया गया है। मध्य प्रदेश कैडर के 1994 बैच के आईएएस अधिकारी विवेक अग्रवाल को संस्कृति मंत्रालय में सचिव नियुक्त किया गया है। अग्रवाल वर्तमान में राजस्व विभाग में अतिरिक्त सचिव हैं। वे वित्तीय खुफिया इकाई-भारत (एफआईयू-आईएनडी) के निदेशक का कार्यभार भी संभाल रहे हैं। नौकरशाही में फेरबदल के तहत अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को प्रमुख केंद्रीय सरकारी विभागों में नियुक्त किया गया है।

---

# नेशनल हेराल्ड घोटाला कांग्रेस के मॉडल ऑफ करप्शन का एक नया अध्याय : भाजपा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने कहा है कि नेशनल हेराल्ड घोटाला कांग्रेस के "मॉडल ऑफ करप्शन" का एक नया अध्याय है। पूर्व केंद्रीय मंत्री व भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए नेशनल हेराल्ड घोटाले को कांग्रेस के "मॉडल ऑफ करप्शन" का एक और नया अध्याय बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री नेशनल हेराल्ड को चंदा नहीं, बल्कि विज्ञापन के रूप में पैसा देते हैं। सवाल यह उठता है कि आख़िर ये विज्ञापन किस आधार पर दिए जाते हैं, जबकि अख़बार नहीं छाप रहे हैं? उन्होंने

- कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री नेशनल हेराल्ड को चंदा नहीं, बल्कि विज्ञापन के रूप में पैसा देते हैं : ठाकुर

कहा कि कांग्रेस ने एजेएल के 1000 शेयरधारकों का ऋणमाफ करने की बजाय एक नई कंपनी बनाई, जिसके शेयरधारक कांग्रेस के दो पूर्व अध्यक्ष थे और उस कंपनी ने मात्र 50 लाख रुपये देकर 90 करोड़ रुपये का ऋण माफ कर दिया गया, ताकि 2000 करोड़ रुपये की संपत्ति हड़पी जा सके। ठाकुर ने कहा कि " नेशनल हेराल्ड का नाम सामने आते ही कांग्रेस के पूरे तंत्र में एकतरह की घबराहट, बेचैनी और असहजता दिखाई देने लगती है, क्योंकि कांग्रेस के नेता चोरी करते हुए पकड़े गए हैं।

### कांग्रेस पार्टी से जुड़े अनेक घोटाले सामने आ चुके

आजादी के बाद से अब तक कांग्रेस पार्टी से जुड़े अनेक घोटाले सामने आ चुके हैं, लेकिन नेशनल हेराल्ड का मामला अपने आप में एक ऐसा मॉडल है जो किसी के गले से नीचे नहीं उतर रहा है।" उन्होंने कहा कि "नेशनल हेराल्ड को 1938 में पंडित नेहरू ने शुरू किया था, लेकिन समय के साथ चल नहीं पाया। 2008 में इसे फिर से शुरू करने के लिए 'एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड' यानी एजेएल को एक नई संस्था के अधीन लाने की कोशिश की गई।

# दिल्ली हवाई अड्डों से फ्लाइट्स लेट हुई तो जिम्मेदारी तय की जाएगी, मंत्रालय की रहेगी कड़ी नजर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संसद की स्थायी समिति ने दिल्ली हवाई अड्डों से उडानों की लेटलतीफी पर गंभीर चिंता जताई है। प्रतिदिन दिल्ली से उडने वाली 240 फ्लाइट देरी से उड रही हैं। जिससे हवाई परिचालन में औसतन 320 घंटे की दर से देरी रिकार्ड की गई है। दिल्ली हवाई अड्डे से प्रतिदिन 1200 फ्लाइट्स विभिन्न डेस्टिनेशन्स के लिए उडान भरती है। हर घंटे 46 हवाई जहाज लैंड करते हैं। इन सब ऑपरेशन्स के लिए चार रनवे में से एक 28 नंबर रनवे बंद होने से पूरी व्यवस्था पर कुप्रभाव पडा है।

### देरी पर लिखित सफाई मांगी

संसदीय समिति ने मामले में कडाई बरतने की समझाइश नागर विमानन मंत्रालय को दी है। सूत्रों ने बताया कि समिति की सिफारिशों के आधार पर मंत्रालय ने विभिन्न एजेंसियों से हवाई जहाज परिचालन में हो रही देरी पर लिखित सफाई मांगी है। सूत्रों ने बताया कि यात्रियों की समय कीमती मानते हुए किसी भी तरह की हीलाहवाली पर जिम्मेदारी तय कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दिल्ली हवाई अड्डे पर रनवे 28 के रखरखाव या अन्य कारणों से बंद होने के कारण उड़ानों में देरी की समस्या बढ़ी। इसने न केवल दिल्ली, बल्कि देश के अन्य हवाई अड्डों पर भी असर डाला, क्योंकि दिल्ली एक प्रमुख विमानन केंद्र है। इस रनवे की अनुपलब्धता ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को उड़ानों के प्रबंधन में कठिनाई पैदा की।


### आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम जगन के 27.5 करोड़ के शेयर जब्त

**हैदराबाद (एजेंसी)।** ईडी ने आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम और वाईएसआर कांग्रेस प्रमुख वाईएस जगन मोहन रेड्डी की 27.5 करोड़ रुपये के शेयर जब्त किए हैं। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग के 14 साल पुराने मामले में की गई है, जिसमें 'क्विड प्रो क्वो' (कुछ पाने के बदले कुछ देना) निवेश के आरोप हैं। ईडी ने जगन की 3 कंपनियों कार्मेल एशिया होल्डिंग्स, सरस्वती पावर एंड इंडस्ट्रीज प्रा. लि. और हर्षा फर्म में निवेश को जब्त किया है। इसके अलावा डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड (डीसीबीएल) की करीब 377.2 करोड़ की जमीन जब्त की गई है। यह जमीन 793.3 करोड़ रुपये की है। यह मामला 2011 में सीबीआई द्वारा दर्ज किए गए केस से जुड़ा है, जिसमें आरोप है कि डीसीबीएल ने रघुराम सीमेंट्स लिमिटेड में 95 करोड़ रुपये निवेश किए थे।

अनुसूचित जाति आरक्षण में सब-कोटा लागू

# आरक्षण के अंदर एससी कोटा देने वाला तीसरा राज्य बना आंध्र प्रदेश

*14 अप्रैल को तीन ग्रुप बनाकर एससी आरक्षण का पुनर्वितरण किया था*




एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना और हरियाणा के बाद अब आंध्र प्रदेश ने भी अनुसूचित जातियों (एससी) कोटे में सब-कोटा लागू कर दिया है। राज्य सरकार ने गुरुवार को एक अध्यादेश जारी किया, जिसके तहत एससी समुदाय की 59 जातियों को तीन ग्रुप में बांटकर अलग-अलग आरक्षण दिया जाएगा। यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश के बाद आया है जिसमें राज्यों को एससी-एसटी आरक्षण में आंतरिक वर्गीकरण की अनुमति दी गई थी।

### तीन ग्रुप बनाए गएअलग-अलग प्रतिशत में मिलेगा आरक्षण

आंध्र प्रदेश सरकार ने सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण के लिए अनुसूचित जातियों को तीन समूहों में बांटा है। ग्रुप-1 में चंढाला, पाकी, रेल्ली, डोम जैसी 12 जातियों को रखा गया है जिन्हें 1% आरक्षण मिलेगा। ग्रुप-2 में चमार, मादिगा, सिंधोला, मातंगी जैसी जातियों को रखा गया है, जिन्हें 6.5% आरक्षण मिलेगा। वहीं ग्रुप-3 में माला, अदि आंध्र और पंचमा जैसी जातियों को शामिल किया गया है।

# मंदिरों का 1000 किलो सोना पिघलाकर 17.81 करोड़ रुपये सालाना ब्याज कमाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तमिलनाडु सरकार की बल्ले-बल्ले



तमिलनाडु के 21 मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए गए सोने से सरकार को जबरदस्त वित्तीय लाभ मिला है। मंदिर से मिले 1,000 किलोग्राम से अधिक सोने के सामान को पिघलाकर 24 कैरेट की छड़ों में बदल दिया गया और बैंकों में जमा कर दिया गया। सरकार ने कहा कि सोने की छड़ों के इस निवेश से उसे सालाना 17.81 करोड़ रुपये का ब्याज मिल रहा है। मंदिरों में से तिरुचिरापल्ली जिले के समयपुरम में अरुलमिगु मरिअम्मन मंदिर ने निवेश योजना के लिए सबसे अधिक लगभग 424.26 किलोग्राम सोना दिया।

### जिनका इस्तेमाल नहीं, उन्हें गलाया गया

मंदिरों में चढ़ाए गए सोने के ऐसे सामान, जिनका इस्तेमाल नहीं किया गया था, उन्हें मुंबई स्थित सरकारी टकसाल में पिघलाकर 24 कैरेट की छड़ों में बदल दिया गया और स्वर्ण निवेश योजना के तहत भारतीय स्टेट बैंक में निवेश कर दिया गया।

### चांदी पिघलाने की भी योजना

मानव संसाधन एवं संवर्द्धन विभाग के नियंत्रण में मंदिरों में अप्रयुक्त एवं अनुपयोगी चांदी की वस्तुओं को सरकार द्वारा अनुमोदित निजी चांदी प्रगलन कंपनियों द्वारा मंदिर परिसर में तीन न्यायाधीशों की अध्यक्षता वाली क्षेत्रीय समितियों की उपस्थिति में शुद्ध चांदी की सिल्लियों में पिघलाने की अनुमति दी गई है।

---


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार डिजिटल रेडियोग्राफी सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन के 2 वर्षीय दर अनुबंध हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 18.04.2025 08.05.2025 | 33 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34028/I/88/6 दि. 18.04.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | एक्सईएन ओपी डिवीजन, यूएचबीवीएन, बहादुरगढ़ के बहुमंजिला कार्यालय भवन में राउंड ऑफ क्लॉक सिक्योरिटी सर्विसेज के लिए एकमुश्त अनुबंध। | बंद होने की तिथि 28.04.2025 | 20000/- | www.uhbvn.org.in TENDERNO-BGH-01/2025-26 | 9354726618 xenopbahadurgarh@uhbvn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34029/I/88/6 दि. 18.04.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण / ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हारट्रोन | 1. विभिन्न राजकीय विभागों/संगठनों की ओर से वीडियो कांफ्रैसिंग सिस्टम/ सोल्यूशंस का दर अनुबंध, 2. हरियाणा राज्य/चण्डीगढ़/दिल्ली एनसीआर में विभिन्न स्थानों पर स्ट्रक्चर्ड लोकल एरिया नेटवर्क की आपूर्ति, स्थापना, कन्फीगरेशन, परीक्षण और प्रचालन हेतु दर अनुबंध। | 21.04.2025 21.05.2025 | 130 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1722584386 sandeep.hartron-hry@gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/34027/I/88/6 दि. 18.04.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी भिवानी | वर्ष 2025-26 हेतु दादरी निर्वाचन क्षेत्र, ग्रुप-2, जिला चरखी दादरी (आई.डी. एच-485, 498, 509, 4592 और 8501) में सम्पर्क सड़कों की वार्षिक मरम्मत + 4 कार्य। | बंद होने की तिथि 24.04.2025 | 37.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664242782 xebhiwani2026.hsamb@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34004/I/88/6 दि. 18.04.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दि रोहतक सह. दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड रोहतक | ब्लॉक झज्जर और महेन्द्रगढ़ के विद्यालयों में मीठे फ्लेवर वाले स्किम्ड मिल्क पाउडर के परिवहन हेतु वाहनों को किराये पर लेना। | 18.04.2025 24.04.2025 | डीएनआईटी के अनुरूप | www.vitaindia.org.in | 7496967414 vitarohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34008/I/88/6 दि. 18.04.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसवीपी रोहतक | प्रथम वर्ष हेतु निःशुल्क और 2 वर्ष के लिए लेबर दरों पर सिस्टम के ऑन/ऑफ और स्थल पर बदलने, रखरखाव सहित 3 वर्ष की निःशुल्क त्रुटि जिम्मेवारी अवधि समेत वाणिज्यिक केन्द्र सेक्टर-9, बहादुरगढ़ की पार्किंग में 200डब्ल्यू एलईडी फ्लड लाइट्स सहित 12.5 मी. लम्बी हाई मास्ट का प्रावधान + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 24.04.2025 | 31.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416191870 xenelectrtk@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34015/I/88/6 दि. 18.04.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एमआईसीएडी डिवीजन सिरसा | खैशेरगढ़ माइनर के वाटरकोर्स आउटलेट आरडी 8000/आर की अंडरग्राउंड पाइप लाइन बिछाने हेतु आकलन + 5 कार्य। | बंद होने की तिथि 23.04.2025 | 1.86 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9781899554 xensirsacad@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34020/I/88/6 दि. 18.04.25

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

**घोषणा**

नीचे तालिका में वर्णित अनुसार पदों के लिए आवेदन कर चुके उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने नीचे दिये गये कार्यक्रम के अनुरूप स्क्रीनिंग टेस्ट / विषय ज्ञान परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है :-

| क्र.सं. | पद व विभाग का नाम | विज्ञा. सं. | परीक्षा का प्रकार | परीक्षाओं की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | संगीत (वोकल) विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 58/2024 | विषय ज्ञान परीक्षा | 25.04.2025 (प्रातःकालीन सत्र) |
| 2. | संगीत (इंस्ट्रयूमेंटल) विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 57/2024 | विषय ज्ञान परीक्षा | |
| 3. | दर्शनशास्त्र विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 59/2024 | विषय ज्ञान परीक्षा | |
| 4. | पर्यटन विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 66/2024 | विषय ज्ञान परीक्षा | |
| 5. | फाइन आर्ट्स विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 50/2024 | विषय ज्ञान परीक्षा | 25.04.2025 (सायंकालीन सत्र) |
| 6. | शारीरिक शिक्षा विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 60/2024 | स्क्रीनिंग टेस्ट | 27.04.2025 (प्रातःकालीन सत्र) |
| 7. | डिफेंस स्टडीज विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 46/2024 | विषय ज्ञान परीक्षा | 27.04.2025 (सायंकालीन सत्र) |
| 8. | मास कम्यूनिकेशन विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 55/2024 | विषय ज्ञान परीक्षा | |
| 9. | पंजाबी विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 64/2024 | विषय ज्ञान परीक्षा | |

उम्मीदवारों को अपने प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट अर्थात http://hpsc.gov.in पर उपलब्ध करवाए गए लिंक से 21.04.2025 से डाउनलोड करने का परामर्श दिया जाता है।

**टिप्पणियां :-**

1. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र डाउनलोड करने और ए-4 साइज पेपर पर इसका प्रिंट लेने का निर्देश दिया जाता है ताकि उनके फोटो और अन्य विवरण आसानी से देखे / प्रमाणित किये जा सकें। अस्पष्ट फोटो / हस्ताक्षरों सहित छोटे आकार के प्रवेश-पत्र वाले उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।*
2. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र पर दिये गये सभी निर्देश बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ने का परामर्श दिया जाता है।*

दिनांक : 18.04.2025 — हस्ता/- उप सचिव
संवाद-1156/13/315/2026/34023/88/6 दि. 18.04.25 — हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला

## पीएम नरेंद्र मोदी और एलन मस्क की फोन पर हुई बातचीत

# दोनों ने टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्रों में आपसी साझेदारी बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क के साथ फोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्रों में भारत और अमेरिका के बीच सहयोग को बढ़ाने के बारे में चर्चा की। पीएम ने कहा हमने टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं पर बातचीत की। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट किया कि एलन मस्क से बात की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें इस साल की शुरुआत में वाशिंगटन डीसी में हमारी बैठक के दौरान उठे विषय भी शामिल थे। हमने टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं पर बातचीत की। भारत इन क्षेत्रों में अमेरिका के साथ अपनी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

पीएम मोदी ने कहा कि एलन मस्क के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें इस साल की शुरुआत में वाशिंगटन डीसी में हमारी बैठक के दौरान उठे विषय भी शामिल थे। हमने टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं पर बातचीत की

*भारत और अमेरिका उभरते क्षेत्रों में करेंगे सहयोग*

*फरवरी में पीएम मोदी के यूएस दौरे पर मस्क मिले थे*



### नवीकरणीय उर्जा और अंतरिक्ष क्षेत्र में भी सहयोग की आशा

पीएम मोदी और मस्क दोनों ने इससे पहले इलेक्ट्रिक वाहन, नवीकरणीय ऊर्जा और अंतरिक्ष जैसे उभरते क्षेत्रों में भविष्य के सहयोग के बारे में आशा व्यक्त की थी पीएम मोदी और मस्क की इससे पहले फरवरी में पीएम मोदी की अमेरिका की दो दिवसीय राजकीय यात्रा के दौरान मुलाकात हुई थी। दोनों ने इलेक्ट्रिक वाहन, नवीकरणीय ऊर्जा और अंतरिक्ष जैसे उभरते क्षेत्रों में भविष्य के सहयोग के बारे में आशा व्यक्त की थी।

### भारतीय अधिकारियों से बात कर रही टेस्ला

यह बातचीत मस्क की कंपनियों– विशेष रूप से टेस्ला और स्टारलिंक की भारतीय बाजार में बढ़ती दिलचस्पी के बीच हुई है। टेस्ला देश में मैन्युफैक्चरिंग बेस स्थापित करने के लिए भारतीय अधिकारियों के साथ बातचीत कर रही है। वहीं मुकेश अंबानी की रिलायंस जियो ने मार्च में भारत में स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट सेवाएं लाने के लिए मस्क की स्पेसएक्स के साथ एक समझौते की घोषणा की थी। टेलीकॉम टाइकून सुनील भारती मित्तल की भारती एयरटेल ने भी स्पेसएक्स के साथ इसी तरह की साझेदारी की है। मस्क को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन में सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों में से एक माना जाता है। मस्क सरकारी दक्षता विभाग का नेतृत्व कर रहे हैं जिसका उद्देश्य सरकारी व्यय में कटौती एवं संघीय कार्यबल को कम करना है।

## अमेरिकी उप राष्ट्रपति की यात्रा से मिलेंगे अच्छे परिणाम

**मानेसर।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की अगले सप्ताह भारत यात्रा से पहले इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को इस यात्रा से 'सकारात्मक परिणाम'



मिलने की उम्मीद जताई। वीवीडीएन टेक्नोलॉजीज के एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि इसके बहुत सकारात्मक परिणाम होंगे, क्योंकि हमने इस मामले को बहुत ही व्यावहारिक और सक्रिय तरीके से लिया है तथा हम इसमें लगातार लगे हुए हैं। वैष्णव ने कहा कि समय के साथ भारत एक बहुत ही विश्वसनीय देश के रूप में उभरा है, क्योंकि पीएम नरेंद्र मोदी ने जिस प्रकार से विदेश नीति का संचालन किया है, उससे आज हमारे देश के प्रति जो विश्वास उत्पन्न हुआ है, वह हम सभी के लिए एक बहुत बड़ा और महत्वपूर्ण कारक होने वाला है।

## खबर संक्षेप

### इटली में केबल कार दुर्घटना में 4 की मौत

**रोम।** इटली में नेपल्स के दक्षिण में एक केबल कार के दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन पर्यटकों सहित चार



लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक ब्रिटिश और एक इजराइली महिला भी शामिल है। विको इक्वेन्स के मेयर के प्रवक्ता मार्को डी रोजा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुरुवार को हुई दुर्घटना में मारे गए तीन विदेशी पर्यटकों में से केवल दो की ही पहचान हो पाई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, एक 'ट्रैक्शन केबल' के टूटने की वजह से यह दुर्घटना हुई। इतालवी अधिकारियों ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

### तेल बंदरगाह पर अमेरिकी हमले में 74 की मौत

**दुबई।** यमन के हूती विद्रोहियों ने शुक्रवार को दावा किया कि तेल बंदरगाह को निशाना बनाकर किए



गए अमेरिकी हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 74 हो गई है जबकि 171 अन्य घायल हैं। यमन की राजधानी सना में विद्रोहियों के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी में रात भर किए गए हमलों से हुई तबाही का उल्लेख किया गया है, जिसमें ईंधन ट्रकों में आग लग गई और रात के समय आसमान में आग के गोले धधक उठे। यह हमला 15 मार्च से जारी हमलों में सबसे घातक था।

### विमान के अपहरणकर्ता को यात्री ने गोली मारी

**मेक्सिको सिटी।** अमेरिका के एक पूर्व सैन्यकर्मी ने बेलीज में एक छोटे यात्री विमान का अपहरण कर



लिया जिसके बाद वह एक यात्री द्वारा चलाई गई गोली लगने से मारा गया। बेलीज पुलिस ने अपहरणकर्ता की पहचान अकिनयेला टेलर के रूप में की है। उसने जिस 'ट्रिपोक एयर' विमान का अपहरण किया था उसमें 14 यात्री और चालक दल के दो सदस्य सवार थे। बेलीज के पुलिस आयुक्त चेस्टर विलियम्स ने बताया कि टेलर ने विमान में सवार दो यात्रियों और एक पायलट पर चाकू से वार किया। टेलर एक यात्री द्वारा चलाई गई गोली लगने से मारा गया।

## मुर्शिदाबाद हिंसा पर बांग्लादेश की टिप्पणी पर भारत की दो टूक...

# अनर्गल बयान देने की जगह अपने देश में अल्पसंख्यकों के अधिकारों की करें रक्षा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने गुरुवार को वक्फ संशोधन अधिनियम पर विरोध प्रदर्शनों के दौरान पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा के बारे में बांग्लादेश के बयान को दृढ़ता से खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय ने ढाका की टिप्पणियों को गंभीरता से लिया और इसे बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न के बारे में भारत की चिंताओं के साथ समानता स्थापित करने का एक 'छिपा हुआ और कपटपूर्ण' प्रयास करार दिया।

बुधवार को बांग्लादेश ने भारत और पश्चिम बंगाल सरकार से राज्य में हिंसा के बीच अल्पसंख्यक मुस्लिम आबादी की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाने का आग्रह किया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक बयान में कहा कि हम पश्चिम बंगाल की घटनाओं के संबंध में बांग्लादेश की ओर से की गई टिप्पणियों को अस्वीकार करते हैं।



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने ढाका की टिप्पणियों को गंभीरता से लिया और इसे बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न के बारे में भारत की चिंताओं के साथ समानता स्थापित करने का एक 'छिपा हुआ और कपटपूर्ण' प्रयास करार दिया

*पश्चिम बंगाल की घटनाओं के संबंध में बांग्लादेश की टिप्पणियां अस्वीकार*

*बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हिंसा के अपराधी अभी भी खुलेआम घूम रहे*

### भारत से तुलना एक कपटपूर्ण प्रयास

रणधीर जायसवाल ने बयान में कहा कि यह बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के लगातार उत्पीड़न पर भारत की चिंताओं के साथ तुलना करने का एक छिपा हुआ और कपटपूर्ण प्रयास है, जहां ऐसे कृत्यों के अपराधी अभी भी खुलेआम घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि अनुचित टिप्पणियां करने और खुद को पाक-साफ दिखाने के बजाए, बांग्लादेश को अपने अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

### मुर्शिदाबाद हिंसा में बांग्लादेश शामिल नहीं

बता दें, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने गुरुवार



को कहा था कि हम मुर्शिदाबाद में सांप्रदायिक हिंसा में बांग्लादेश को शामिल करने के किसी भी प्रयास का दृढ़ता से खंडन करते हैं। उन्होंने भारत और पश्चिम बंगाल सरकार से 'अल्पसंख्यक मुस्लिम आबादी की पूर्ण सुरक्षा के लिए सभी कदम उठाने' का आह्वान किया था। उन्होंने कहा था कि हम मुसलमानों पर हुए हमलों की निंदा करते हैं जिससे जान-माल का नुकसान हुआ है। बता दें, वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ मुस्लिम समुदाय के विरोध प्रदर्शन के बाद समेत कुछ हिस्सों में पिछले कुछ दिन में सांप्रदायिक हिंसा हुई।

## 1971 के अत्याचारों के लिए सरेआम माफी मांगे पाकिस्तान | बांग्लादेश ने मांगा 4.3 अरब डॉलर का मुआवजा

**ढाका।** बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच 15 साल बाद गुरुवार को विदेश सचिव स्तर की बैठक हुई, जिसमें बांग्लादेश ने कई पुराने और संवेदनशील मुद्दे उठाए। बांग्लादेश ने पाकिस्तान से 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान पाकिस्तानी सेना द्वारा बंगालियों के खिलाफ किए गए अत्याचारों के लिए औपचारिक माफी मांगने को कहा है। उसने पाकिस्तान की परिसंपत्तियों में अपना हिस्सा मांगते हुए इस्लामाबाद से बांग्लादेश को बकाया 4.5 अरब डॉलर का मुआवजा अदा करने को भी कहा है। इसमें 1971 के युद्ध के दौरान बांग्लादेश छोड़ने में असमर्थ फंसे हुए



पाकिस्तानियों की वापसी और 1970 के चक्रवात भोला में मिली विदेशी मदद के पैसे की बात भी शामिल थी। बैठक में बांग्लादेश ने कई पुराने और संवेदनशील मुद्दे उठाए जिसमें ऑपरेशन सर्चलाइट का भी जिक्र था जिसमें, पाकिस्तानी सेना ने अनुमानित 30 लाख बंगालियों को मार डाला और दस लाख से अधिक महिलाओं के साथ बलात्कार किया। मामले में बांग्लादेश के विदेश सचिव मोहम्मद जशीम उद्दीन ने बताया कि पाकिस्तान के साथ अच्छे और स्थायी रिश्ते बनाने के लिए पुराने मामलों का हल जरूरी है। पाकिस्तान की विदेश सचिव अमना बलूच इस वार्ता में शामिल थीं।

### दो अवैध बांग्लादेशी अप्रवासी त्रिपुरा में गिरफ्तार

**अगरतला।** त्रिपुरा के अगरतला रेलवे स्टेशन से दो अवैध बांग्लादेशी अप्रवासियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अगरतला राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के प्रभारी अधिकारी आपस दास ने बताया कि बांग्लादेश के बरिसाल जिले की निवासी नादिया अख्तर (19) और रूपाली अख्तर (38) को गुरुवार को उस समय पकड़ा गया जब वे कोलकाता जाने वाली रेल गाड़ी में सवार होने जा रहे थे। उन्होंने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर जीआरपी, जिला पुलिस और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने संयुक्त अभियान में उन्हें गिरफ्तार कर लिया। दास ने बताया कि पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि वे दो दिन पहले बिना किसी वैध दस्तावेज के भारत में दाखिल हुए थे और उनकी योजना कोलकाता के रास्ते मुंबई जाने की थी। उन्होंने कहा कि भारत में प्रवेश करने में उनकी मदद करने वालों की पहचान के लिए जांच चल रही है।

## एफबीआई को मिली बड़ी कामयाबी

# 14 धमाकों का मास्टरमाइंड आतंकी हरप्रीत गिरफ्तार




एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में रहने वाले आतंकी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया को गिरफ्तार कर लिया है। एफबीआई और अमेरिकी इमिग्रेशन विभाग ने उसे अपने शिकंजे में ले लिया है। वह पिछले छह महीनों में पंजाब में 14 आतंकी हमलों के लिए जिम्मेदार है। आतंकी भारत के सबसे वांछित आतंकियों में से एक है। उस पर 5 लाख रुपये का इनाम था। वह अभी आईसीई (इमिग्रेशन एंड कस्टम्स इंफोर्समेंट) की हिरासत में है। सूत्रों के मुताबिक, हैप्पी पासिया ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई और बब्बर खालसा इंटरनेशनल के साथ मिलकर आतंकी हमलों को अंजाम दिया। हैप्पी पासिया ने पंजाब के पुलिस प्रतिष्ठानों पर कई आतंकी हमले किए और सोशल मीडिया पर उनकी जिम्मेदारी ली।

### एनआईए की चार्जशीट में था हैप्पी का नाम

इससे पहले 23 मार्च को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 2024 चंडीगढ़ ग्रेनेड हमला मामले में बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) आतंकवादी संगठन के चार आतंकवादी गुर्गों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। आरोप पत्र दायर करने वाले आरोपियों में पाकिस्तान स्थित नामित व्यक्तिगत आतंकवादी हरविंदर सिंह संधू उर्फ रिंदा और अमेरिका स्थित हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया शामिल हैं। दोनों आतंकवादी हमले के पीछे मुख्य संचालक और साजिशकर्ता थे। उन्होंने ग्रेनेड हमले को अंजाम देने के लिए चंडीगढ़ में भारत स्थित जमीनी गुर्गों को रसद सहायता, आतंकी फंड, हथियार और गोला-बारूद मुहैया कराया था। सितंबर 2024 के हमले का मकसद पंजाब पुलिस के एक सेवानिवृत्त अधिकारी को निशाना बनाना था।

### हरप्रीत के प्रत्यर्पण की मांग: डीजीपी

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस प्रमुख गौरव यादव ने शुक्रवार को गैंगस्टर से आतंकवादी बने हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया की अमेरिका में गिरफ्तारी को 'आतंकवाद के खिलाफ युद्ध की सफलता में एक बड़ी उपलब्धि' बताया और कहा कि पंजाब पुलिस ने इस मामले को केंद्र सरकार के समक्ष उठाया है और उसके प्रत्यर्पण के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। यादव ने कहा कि आईएसआई समर्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल के अमेरिका स्थित प्रमुख गुर्गा और पाकिस्तानी आतंकवादी रिंदा के करीबी सहयोगी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया की गिरफ्तारी आतंकी नेटवर्क पर लगातार कार्रवाई में एक बड़ी उपलब्धि है।

## भारत निर्णायक अध्याय लिखने को तैयार

# भारतीय अंतरिक्ष यात्री अगले महीने आईएसएस पर जाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अगले महीने निर्धारित अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष मिशन में एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री के शामिल होने के साथ ही भारत अपनी अंतरिक्ष यात्रा में एक निर्णायक अध्याय लिखने के लिए तैयार है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के आने वाले महीनों की प्रमुख योजनाओं की समीक्षा के लिए आयोजित एक उच्च-स्तरीय बैठक के बाद अंतरिक्ष विभाग मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु



शुक्ला अगले महीने एक्सिओम स्पेस के एएक्स-4 मिशन के हिस्से के रूप में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए उड़ान भरने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। मई 2025 के लिए निर्धारित ग्रुप कैप्टन शुक्ला का मिशन भारत के बढ़ते अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष सहयोग में एक कीर्तिमान है।

## रक्षा सचिव का ब्रिटेन दौरा संपन्न

# रक्षा संबंधों को सशक्त बनाने के लिए इंडो-यूके प्रतिबद्ध

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने 16-17 अप्रैल, 2025 तक लंदन की दो दिवसीय यात्रा पूरी की है। यात्रा के दौरान, उन्होंने ब्रिटेन के साथ वार्षिक द्विपक्षीय रक्षा वार्ता के लिए एक उच्च स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।

रक्षा सचिव ने लंदन में रक्षा मामलों के स्थायी उपसचिव डेविड विलियम्स के साथ भारत-ब्रिटेन रक्षा परामर्श समूह की 24वीं बैठक की सह-अध्यक्षता की। दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय व वैश्विक स्तर पर उभरते



भू-राजनीतिक परिदृश्य की समीक्षा की और रक्षा संबंधों को पहले से सशक्त बनाने के लिए दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की। यह चर्चा वर्ष 2021 में घोषित व्यापक रणनीतिक साझेदारी और 2030 के रोडमैप के संदर्भ में हुई, जो दोनों देशों के बीच सहयोग को विस्तार देगी।

# नकाला बंदरगाह पहुंचा आईओआर के निगरानी मिशन पर निकला 'सुनयना' युद्धपोत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हिंद महासागर के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में समुद्री गश्त के साथ वहां पड़ने वाले विशिष्ट आर्थिक जोन (ईईजेड) की संयुक्त निगरानी के लिए 5 अप्रैल को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा भारत के कारवार (कर्नाटक) से रवाना किया गया सुनयना युद्धपोत अपने दूसरे पड़ाव यानी मोजाम्बिक के नकाला बंदरगाह पर पहुंच गया है। जहां मोजाम्बिक के चीफ ऑफ कमीशन ने युद्धपोत पर सवार भारत समेत 9 देशों के नौसैन्य कर्मियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। उनका नौसैन्य बैंड भी उस वक्त पर मौजूद था। नौसेना ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। जिसमें बताया कि भारतीय युद्धपोत को हिंद महासागर जहाज सागर (आईओएस) पहल के तहत इस अभियान पर भेजा गया है। 17 अप्रैल को मोजाम्बिक पहुंचने से पहले उसने तंजानिया के दार-एस-सलाम में हुए भारत-अफ्रीका समुद्री भागीदारी युद्धाभ्यास अकेयम-25 के उद्घाटन सत्र में भाग लिया था।

आईओएस सागर पहल के तहत रक्षा मंत्री ने 5 अप्रैल को युद्धपोत को कर्नाटक के कारवार से किया था रवाना

### महीनेभर से अधिक की होगी यात्रा

सुनयना युद्धपोत पर भारत के साथ ही अफ्रीका महाद्वीप के 9 देशों (कोमोरोस, केन्या, मेडागास्कर, मालदीव, मॉरीशस, मोजाम्बिक, सेशेल्स, श्रीलंका और दक्षिण-अफ्रीका) के कुल 44 कर्मी एक साथ सवार हैं। यह सभी कुल 33 दिनों तक आईओआर की इस यात्रा में साथ रहेंगे। युद्धपोत के 8 मई को कोच्चि पहुंचने के साथ ही भारत वापसी होगी। नौसेना ने कहा कि आईओएस सागर एक बेहद अनोखा मिशन है जो केंद्र सरकार की सागर पहल से जुड़ा हुआ है। इसे सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फॉर ऑल इन द रीजन के नाम से भी जाना जाता है। अभियान का उद्देश्य भारत और अफ्रीकी देशों के साथ वैश्विक सहयोग को मजबूती प्रदान करना है।

## चीन से हाथ मिलाने की तैयारी में यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

# मेलोनी संग बैठक में बोले- ईयू संग टैरिफ डील को लेकर कोई हड़बड़ी नहीं

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

ट्रंप ने अब चीन से हाथ मिलाने की तैयारी की है। उन्होंने चीन के साथ अच्छे व्यापार समझौते पर पहुंचने का विश्वास व्यक्त किया। व्हाइट हाउस में इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात के दौरान ट्रंप ने कहा कि हम एक सौदा करने जा रहे हैं। मुझे लगता है कि हम चीन के साथ एक बहुत अच्छा सौदा करने जा रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका को यूरोपीय संघ या किसी और के साथ टैरिफ को लेकर सौदा करने में बहुत कम समस्या होगी। इसलिए कोई हड़बड़ी नहीं है।

### टैरिफ के खिलाफ कैलिफोर्निया ने किया केस



कैलिफोर्निया सरकार ने संघीय अदालत में ट्रंप के खिलाफ सान फ्रांसिस्को की कोर्ट में याचिका दायर की। इसमें गवर्नर न्यूसम ने कहा, ट्रंप के टैरिफ से न सिर्फ कैलिफोर्निया, बल्कि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को भी क्षति पहुंची है। इससे कारोबार पर बुरा असर पड़ा है। ट्रंप द्वारा विदेशी आयात पर लगाए गए व्यापक टैरिफ के खिलाफ अमेरिका में कैलिफोर्निया ऐसा पहला राज्य बन गया है।

***सुप्रीम कोर्ट से डोनाल्ड ट्रंप को झटका :*** ट्रंप को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। अदालत ने ट्रंप के जन्म से नागरिकता प्रतिबंधों पर रोक लगा दी है। हालांकि, अदालत ने दलीलें सुनने पर सहमति जताई है। इस मुद्दे पर मई में दलीलें सुनी जाएंगी। अमेरिका में अवैध रूप से रहने वाले लोगों के बच्चों के लिए जन्म से नागरिकता समाप्त करने के ट्रंप के कार्यकारी आदेश को देश भर की तीन जिला अदालतों ने रोक दिया है।

## यूएनएससी में फिर उठा विस्तार का मुद्दा, आईजीएन के अध्यक्ष बोले

# भारत सीट का प्रमुख दावेदार, वैश्विक मंच पर बड़ा देश

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में विस्तार का मुद्दा एक बार फिर उठा है। यूएनएससी में सुधारों पर इंटरगवर्नमेंटल नेगोशिएशंस (आईजीएन) के अध्यक्ष और कुवैत के राजूदत तारिक अलबनई ने कहा कि अगर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में विस्तार होता है तो भारत सीट का प्रमुख दावेदार होगा। उन्होंने कहा कि सुधार परिषद का लक्ष्य प्रतिनिधित्वपूर्ण होना चाहिए। भारत आज वैश्विक मंच पर एक प्रमुख देश है। संयुक्त राष्ट्र 193 देशों का सदस्य है। यह विचार सभी के लिए और संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्यों के लिए प्रतिनिधित्वपूर्ण है। अलबनई ने कहा कि यदि यह निर्णय लिया जाता है कि परिषद के सदस्यों की संख्या 21 से बढ़ाकर 27 की जाएगी, तो निश्चित रूप से भारत इसमें दावेदार होगा और व्यापक सदस्यता के निर्णय के अधीन होगा।

### जो बाधाएं हैं, उन्हें तोड़ देना चाहिए



अलबनई ने कहा कि वे इस सत्र में सदस्य देशों द्वारा दिखाई गई गति से उत्साहित हैं। सुधार की भावना के लिए साहस और रचनात्मकता दोनों की आवश्यकता होती है, और सभी प्रतिनिधिमंडलों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है क्योंकि हम सुरक्षा परिषद सुधार के मुख्य तत्वों पर आम सहमति बनाने के लिए काम कर रहे हैं। अलबनई ने कहा कि वह यह नहीं बता सकते कि यह सुधार 2030 तक होगा या किसी अन्य वर्ष में। मैं इस बात को लेकर बहुत सकारात्मक हूं कि जो भी बाधाएं हैं, उन्हें तोड़ दिया जाना चाहिए, क्योंकि लोग समझ रहे हैं कि हमें कुछ अलग करने की जरूरत है। और सदस्य देश यह समझ रहे हैं कि शांति और सुरक्षा, विकास और मानवाधिकारों सहित सभी मुद्दों से निपटने के लिए विश्व समुदाय के पास यही सहारा है।

### यूएन को अगली सदी तक टिकने के लिए डिजाइन करें

उन्होंने कहा कि 1965 में निर्वाचित सदस्यों की संख्या में वृद्धि के अलावा सुरक्षा परिषद का पहला दौर 80 वर्षों से अधिक समय तक चला है। सुधार के बाद परिषद जो भी रूप ले, उसे अगली सदी तक टिकने के लिए डिजाइन किया जाना चाहिए, जो समावेशिता, पारदर्शिता, दक्षता, प्रभावशीलता, लोकतंत्र और जवाबदेही के सिद्धांतों पर आधारित हो। विस्तारित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कितने सदस्य होने चाहिए, इसके जवाब में संयुक्त राष्ट्र में कुवैत के स्थायी प्रतिनिधि अलबनई ने कहा कि इस पर अभी तक कोई निर्णय नहीं हुआ है, लेकिन जो संख्या बताई जा रही है वह 21 से 27 सदस्य देशों के बीच है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25